रोहतक
बुधवार 28 अक्टूबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 30, अंक : 265
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 32.7°C
न्यून. 12.0°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 हरमनप्रीत कौर आईसीसी वनडे रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंची

खबर संक्षेप

आसाराम फिर जाएगा जेल, नहीं बढ़ेगी पैरोल

जोधपुर। जोधपुर में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है।



सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल आधार पर आसाराम की पैरोल को बढ़ाने से इनकार कर दिया है। साथ ही आसाराम को निर्देश दिया कि वह शाम 5 बजे तक जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर करें। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार से कहा है कि वह आसाराम की सेहत का ध्यान रखें। *एजेंसी*

एक्टर इमरान 2 नवंबर तक रह सकेंगे देश में

मुंबई। अभिनेता इमरान खान को भारत छोड़ने के आदेश पर बॉम्बे



हाईकोर्ट से 2 नवंबर दोपहर 3 बजे तक के लिए अंतरिम राहत मिल गई है। इमरान 10 अक्टूबर को एसआईआर के विरोध में मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में कॉकरोच पार्टी के प्रदर्शन में पहुंचे थे। एक्टर आमिर खान के भांजे इमरान अमेरिकी नागरिक और ओसीआई कार्ड धारक हैं, इसलिए वह किसी भी विरोध प्रदर्शन में भाग नहीं ले सकते। *एजेंसी*

केदारनाथ मंदिर के कपाट 11 को बंद होंगे

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ मंदिर के



कपाट दीवाली के बाद भैया दूज के पर्व पर 11 नवंबर को सुबह साढ़े आठ बजे श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाएंगे। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के मुख्य कार्याधिकारी ने बताया कि मंदिर के कपाट बंद होने के बाद भगवान के दर्शन उनके शीतकालीन प्रवास स्थल ऊखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर में किए जा सकेंगे। *एजेंसी*

मुस्कान-साहिल की फांसी पर अब 30 को सुनवाई

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ के बहुचर्चित नीले ड्रम हत्याकांड में



इलाहाबाद हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। सौरभ राजपूत हत्याकांड में दोषी ठहराए गए मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला की ओर से दाखिल याचिका पर हाई कोर्ट की डबल बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने संवेदनशीलता को देखते हुए अगली सुनवाई के लिए 30 नवंबर की तारीख दी है। *एजेंसी*

सुप्रीम कोर्ट ने कहा-हमें सब पता है, जांच करेंगे

एसआईआर और चुनाव आयोग के कामकाज पर दायर विपक्षी नेताओं की याचिका पर कोर्ट ने मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चुनाव आयोग (ईसीआई) के कामकाज और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अहम टिप्पणी की। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 3 जजों की पीठ ने कहा, हम सब जानते हैं, हम जांच करेंगे। अदालत ने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग के फैसलों से जुड़े विवाद के सभी पहलुओं पर विचार किया जाएगा। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि आप 10 दिन में चुनाव आयोग के हलफनामे का जवाब दें। मामले की अगली सुनवाई 17 नवंबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर फैसले लेने में निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया या नहीं, इस पर सवाल हैं। खास तौर पर यह मुद्दा उठाया गया कि क्या एसआईआर कराने के आदेश आयोग के तीनों सदस्यों की सर्वसम्मति से जारी किए गए थे। अदालत ने कहा कि वह इस विवाद के सभी पहलुओं की जांच करेगी।

सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए : ईसी



इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी मोहना की तीन सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवाई 17 नवंबर के लिए तय की। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को चुनाव आयोग की ओर से दाखिल हलफनामे पर अपना जवाब देने का अवसर दिया है। आयोग ने अपने हलफनामे में दावा किया है कि एसआईआर से जुड़े फैसले सर्वसम्मति से लिए गए थे।

10 दिन में चुनाव आयोग के हलफनामे का जवाब दें
ज्ञानेश के खिलाफ याचिकाओं पर 17 को सुनवाई

कांग्रेस की फाइल नोटिंग सुरक्षित रखने की मांग

राहुल गांधी और इंडिया ब्लॉक के नेताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ए. एम. सिंघवी ने अदालत से चुनाव आयोग की फाइल नोटिंग और आंतरिक संवाद सुरक्षित रखने का निर्देश देने की मांग की। उनका तर्क था कि इन दस्तावेजों से यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि एसआईआर से संबंधित फैसले किस प्रक्रिया के तहत लिए गए और क्या उनमें सभी चुनाव आयुक्तों की सहमति थी। सिंघवी ने कहा कि पूरे मामले का आधार निर्णय प्रक्रिया, आपसी विचार-विमर्श और फैसलों की सर्वसम्मति का सवाल है।

आरोपों को बताया 'बयानबाजी'

चुनाव आयोग का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने मेनका गुरुस्वामी की दलीलों का विरोध किया और उन्हें 'बयानबाजी' करार दिया। आयोग का रुख है कि एसआईआर के आदेशों को लेकर सर्वसम्मति पर सवाल उठाने वाले आरोप सही नहीं हैं। मामले में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत आगे की सुनवाई में विवादित मुद्दों पर विचार करेगी। कोर्ट ने कहा कि सभी पहलुओं की जांच की जाएगी।

कर्नाटक : एसआईआर की लिस्ट जारी, 99.32 लाख नाम कटे

■ अब 4.55 करोड़ वोटर बचे 2.26 करोड़ पुरुष, 2.29 करोड़ महिला वोटर

बेंगलुरु। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के बाद कर्नाटक में मतदाताओं की संख्या में 99.32 लाख की कमी आई है। मंगलवार को जारी फाइलन वोटर लिस्ट में 4.55 करोड़ वोटर्स के नाम हैं, जबकि इस प्रक्रिया के शुरू होने से पहले यह संख्या 5.54 करोड़ थी। अंतिम सूची में 2.26 करोड़ पुरुष, 2.29 करोड़ महिलाएं और 2,841 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। यह संख्या शुरुआती मतदाता सूची से करीब 17.92% कम है। 24 अगस्त को जारी ड्राफ्ट सूची में 4.46 करोड़ सामान्य मतदाता थे। ड्राफ्ट सूची में एसआईआर से पहले की संख्या के मुकाबले 1.08 करोड़ मतदाता कम थे। दावों और आपत्तियों के बाद अंतिम सूची में 8.64 लाख मतदाता जुड़े। 30 जून से 17 अगस्त के बीच 60,923 बूथ लेवल ऑफिसर्स ने घर-घर जाकर सत्यापन किया। इस दौरान 5.54 करोड़ मतदाताओं के एन्यूमरेशन फॉर्म बनाए गए। इनमें से 4.46 करोड़ मतदाताओं ने फॉर्म जमा किए।

प्रदेश में चावल उठान में देरी पर 433 राइस मिल डिफॉल्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा में धान खरीद और चावल की डिलीवरी को लेकर राइस मिलर्स तथा सरकारी एजेंसियों के बीच विवाद बढ़ गया है। मिलर्स का दावा है कि पिछले सीजन का चावल गोदामों में पड़ा है, लेकिन भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और संबंधित एजेंसियां उसका उठान नहीं कर रही हैं। इसके चलते प्रदेश के 433 राइस मिल डिफॉल्टर हो गए हैं, जबकि करनाल जिले के 100 से अधिक मिलों को इस सीजन में धान आवंटित नहीं किया गया। जिला राइस मिलर्स के चेयरमैन नरेश बंसल सहित अन्य मिलर्स ने कहा कि चावल की डिलीवरी में देरी के लिए मिलर्स को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है, जबकि उनके अनुसार चावल का उठान न होना और फोर्टिफाइड राइस कर्नेल समय पर उपलब्ध नहीं कराना प्रमुख समस्याएं हैं। उनका दावा है कि करीब 2.55 लाख मीट्रिक टन चावल अब भी गोदामों में पड़ा है। मिलर्स ने सरकार से बकाया चावल का जल्द उठान कराने, एफआरके की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने और डिफॉल्टर घोषित मिलों के मामलों की समीक्षा कर धान आवंटन पर दोबारा विचार करने की मांग की।



मिलर्स ने सरकारी एजेंसियों पर लगाए आरोप, करनाल के 100 मिलों को इस सीजन में धान आवंटित नहीं किया गया

गर्भवती पत्रकार को धक्का देने के आरोप में राहुल को नोटिस

एफआईआर दर्ज कराने की मांग

नई दिल्ली (एजेंसी)। गर्भवती पत्रकार से कथित धक्का-मुक्की के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राहुल गांधी और अन्य लोगों को नोटिस जारी किया। याचिका में इन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने और मुआवजा देने की भी मांग की गई है। याचिकाओं में अदालत परिसर के आसपास राजनीतिक प्रदर्शनों को रोकने के लिए नियम बनाने और कुछ नेताओं के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई की मांग की गई है। यह मामला 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट तक विपक्ष के मार्च का है। आरोप है कि इस दौरान राहुल ने एक गर्भवती पत्रकार को धक्का दिया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने 12 अक्टूबर की घटना से जुड़ी सीसीटीवी फुटेज और अन्य डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का निर्देश भी दिया।



सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान मांगी फुटेज

एपल के पहले फोल्डेबल फोन की स्क्रीन हो रही क्रैक

कंपनी बोली-नया मोबाइल देंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। एपल के पहले फोल्डेबल फोन आईफोन डुओ की स्क्रीन में परेशानी आ रही है। फोन की अंदर की स्क्रीन के टूटने और क्रैक होने की शिकायतें आ रही हैं। एपल ने भी यह बात मानी है। इस फोन्स की कीमत 3 लाख से 4.5 लाख रुपये के बीच है। आईफोन डुओ में यह डैमेज ज्यादातर उसी जगह पर हो रहा है, जहां से फोन बीच में मुड़ता है (सेंट्रल हिंज)। अधिकतर यूजर्स का कहना है कि फोन को पहली बार खोलने और इस्तेमाल करने के कुछ ही समय बाद स्क्रीन अपने आप खराब हो गई। एपल ने सोमवार को इस बारे में कहा कि हमें आईफोन डुओ की कुछ यूनिट्स की इनर डिस्प्ले में आ रही समस्या की जानकारी है। यह खराबी कुछ ही फोन्स में आई है। कंपनी इन्हें रिप्लेस करके यूजर को नया फोन देगी।



जहां से फोन बीच में मुड़ता है, वहां ज्यादा दिक्कत

स्विस मॉडल ने लगाया ट्रंप पर दुष्कर्म का आरोप

कहा-33 साल पहले वीजा दिलाने के बहाने होटल में बुलाया

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

स्विट्जरलैंड की पूर्व मॉडल बीट्रिस क्यूल ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। उसने कहा कि 1993 में न्यूयॉर्क के प्लाजा होटल में ट्रंप ने उनके साथ दुष्कर्म किया था। क्यूल ने बताया कि घटना के बाद उनके शरीर के कई हिस्सों से खून बह रहा था और चोट के निशान पड़ गए थे। यह दावा अमेरिकी संसद में डेमोक्रेटिक सदस्यों की ओर से जारी एक नई रिपोर्ट में किया गया है। क्यूल ने 2024 में दुष्कर्म पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। तब उन्होंने कहा था कि 1993 में ट्रंप ने उन्हें जबरन पकड़ा, चूमा और उनके कपड़े उतारने की कोशिश की थी। अब नई रिपोर्ट में क्यूल ने समिति के कर्मचारियों को बताया कि उस घटना में ट्रंप ने उनके साथ दुष्कर्म किया था।



प्रतियोगिता के दौरान हुई थी मुलाकात

क्यूल स्विट्जरलैंड की मॉडल और पूर्व मिस स्विट्जरलैंड हैं। उनके मुताबिक, 1993 में वह अमेरिकन ड्रीम पेजेंट में हिस्सा लेने अमेरिका गई थीं। इस प्रतियोगिता की ट्रंप के साथ साझेदारी थी। कार्यक्रम के दौरान मैनहैटन के प्लाजा होटल में पत्रकारों के साथ दोपहर के भोजन के समय उनकी ट्रंप से मुलाकात हुई। क्यूल ने बताया कि इसके बाद ट्रंप के एक सहयोगी ने उन्हें होटल के कमरे में मिलने के लिए बुलाया। उन्हें लगा था कि वहां बातचीत होगी लेकिन उनके आरोप के मुताबिक, कमरे में ट्रंप ने पीछे से उन्हें पकड़ लिया और जबरन दुष्कर्म किया।

आज आंध्र के तट से टकराएगा चक्रवात अर्नब, 16 जिलों में अलर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी में चक्रवात अर्नब तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके 28 अक्टूबर की सुबह यनम के पास बापटला और विशाखापत्तनम के बीच तट से टकराने की आशंका है। आंध्र प्रदेश के 16 जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। विशाखापत्तनम में ऑरेंज अलर्ट है। श्रीकाकुलम, विजयनगरम और अनकापल्ली में तेज हवाओं और हल्की बारिश की आशंका है। लैंड फॉल के दौरान 150 किमी की गति से हवाएं चलेंगी। रेलवे ने 50 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। वहीं, विजयवाड़ा और विशाखापट्टनम एयरपोर्ट पर 21 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। 16 जिलों में स्कूल बंद कर दिए हैं और 30 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। मौसम विभाग ने तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पुडुचेरी, बिहार और उत्तर प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। अंडमान-निकोबार में मंगलवार तक स्कूल बंद रहेंगे। चक्रवात के खतरे को देखते हुए तटीय इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। तूफान का असर हरियाणा में भी देखने को मिलेगा।

ओडिशा में बारिश, स्कूल बंद
50 ट्रेनें और 21 फ्लाइट्स रद्द, 150 किमी की रफ्तार से चलेंगी हवाएं, प्रदेश में दिखेगा असर

अभिषेक ने कोहली व बाबर का रिकॉर्ड तोड़ा



सूर्यवंशी के साथ सबसे तेज शतकीय साझेदारी की *15 गेंद में फिफ्टी और 35 गेंद पर शतक जड़ा*

वेलिंगटन। भारत ने तीसरे टी-20 में न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हरा दिया। वेलिंगटन में अभिषेक शर्मा ने 35 बॉल पर शतक लगाया। इसके साथ ही उन्होंने इस मामले में विराट कोहली और बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया। अभिषेक ने वैभव सूर्यवंशी के साथ पहले विकेट के लिए 43 बॉल में 133 रन की साझेदारी की। उन्होंने सबसे तेज शतकीय साझेदारी का रिकॉर्ड बनाया। वहीं भारत ने पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। अभिषेक ने टी-20 क्रिकेट (इंटरनेशनल, लीग और डोमेस्टिक) में अपना 11वां शतक लगाया। इस मामले में उन्होंने विराट कोहली, क्विंटन डी कॉक और डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ दिया। इन तीनों के नाम 10-10 शतक हैं। इस मामले में क्रिस गेल 22 शतकों के साथ पहले और बाबर आजम 13 शतकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। *(खेल पेज भी देखें)*

भ्रष्टाचार को लेकर प्रदेश सरकार सख्त

रिश्वत लेते पकड़े गए कर्मियों व अफसरों का होगा तबादला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने विभागों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उसी पद और उसी स्टेशन पर तैनात नहीं रखा जाएगा, जो राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा रंगे हाथ पकड़े हैं और जमानत पर रिहा हैं। सतर्कता विभाग के अनुसार, अब तक 190 भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारी चिन्हित किए गए हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो ने 9 महीने में 155 रेड कीं और 90 जांच दर्ज कीं। इनमें से 60 जांचों का निपटान कर रिपोर्ट सरकार को भेजी गई। सतर्कता विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार, ऐसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण संबंधित क्षेत्राधिकार से दूर किसी अन्य स्टेशन पर किया जाएगा। जहां तक संभव हो, उन्हें आसपास के सीमावर्ती जिलों से भी बाहर तैनात किया जाएगा, ताकि शिकायतकर्ता और गवाहों पर किसी प्रकार का अनुचित प्रभाव न पड़े तथा मुकदमे की सुनवाई निष्पक्ष रूप से हो सके।

60 जांचों का निपटारा
190 अधिकारी-कर्मचारी विभाग ने किए चिन्हित

गवाहों को डराने की बनी रहती संभावना

जिला कैडर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मामले में उन्हें उसी जिले के भीतर किसी अन्य दूरस्थ स्टेशन पर स्थानांतरित किया जाएगा। सरकार के संज्ञान में आया है कि ट्रैप मामलों में रंगे हाथों पकड़े जाने और जमानत पर रिहा होने के बाद भी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उसी स्टेशन पर तैनात रहते हैं, जहां उनके मामलों की सुनवाई चल रही होती है। इससे शिकायतकर्ता और अभियोजन पक्ष के गवाहों को प्रभावित करने, डराने या उन पर दबाव डालने की आशंका रहती है, जिससे न्यायिक कार्यवाही की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है।

एससीओ समिट में भारत का पाक मंत्री को न्योता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में 20 से 22 नवंबर तक शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) की बैठक होगी। सूत्रों के मुताबिक, भारत ने पाकिस्तान के राष्ट्रीय विरासत और संस्कृति मंत्री औरंगजेब खान खिची को भी इसमें शामिल होने का न्योता दिया है। अगर वे भारत आते हैं, तो 2023 के बाद यह भारत में किसी पाकिस्तानी मंत्री की पहली यात्रा होगी। इससे पहले 2023 में पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो एससीओ के लिए गोवा आए थे। पाकिस्तान ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि मंच पर उसके प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कौन करेगा। ये बैठक देशों की पुरानी संस्कृति और आपसी भाईचारा बढ़ाने के लिए आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय और विदेश मंत्रालय मिलकर आयोजित करेंगे। पीएम मोदी इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। रूस और चीन समेत 10 देशों के नेता कार्यक्रम में शामिल होंगे।

- *इससे पहले 2023 में बिलावल भुट्टो गोवा आए थे*
- *20-22 नवंबर तक इवेंट, पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन*

एमआरपी और रिटेल कीमतों में अंतर पर उठाए सवाल

पूरा सिस्टम दवा निर्माताओं की मदद कर रहा : सुप्रीम कोर्ट

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) और खुदरा विक्रेताओं की लागत के बीच अत्यधिक अंतर को लेकर मंगलवार को केंद्र से सवाल किया कि पूरी व्यवस्था ही फार्मास्यूटिकल विनिर्माताओं की मदद करने के लिए क्यों काम कर रही है। केंद्र ने न्यायालय को बताया कि सरकार की नीति ''यह है कि पूरे परिवेश को नियंत्रित नहीं किया जाना चाहिए।' सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पूछा, ''आखिर पूरी व्यवस्था इन लोगों (विनिर्माताओं) की मदद करने के लिए क्यों काम कर रही है?''न्यायालय उन दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिनमें देश में दवाओं की कीमतों का मुद्दा उठाया गया है। कोर्ट ने कहा कि सरकार की नजरों के सामने यह सब हो रहा है, क्या इसे ऐसे ही बेलगाम चलने देना चाहिए। दोनों



■ कीमतों पर लगाम क्यों नहीं लगाई जा रही, सरकार की नजरों के सामने यह सब हो रहा

मामलों की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। मुद्दा ये है कि कई दवाओं की लागत 10-20 रुपये है, यह रिटेलर को 30 रुपये में मिलती है, पर एमआरपी 150-200 रुपये छपा होता है। यही गैप कोर्ट को खटक रहा है।

एसिड बिक्री पर गाइडलाइन फिर भी हमले क्यों, इसका मतलब पॉलिसी फेल

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एसिड अटैक की घटनाओं से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान उसने कहा कि गाइडलाइन बनी है, इसके बावजूद घटनाएं हो रही हैं। इसका मतलब है कि इसमें कुछ कमी है। कोर्ट ने सरकार से कहा कि एसिड की बिक्री पर रोक वाली गाइडलाइन सभी राज्यों में लागू कराए। साथ ही हलफनामा देकर बताए कि एसिड के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए जरूरी कदम क्या होंगे। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने कहा कि एसिड आज भी बाजार में आसानी से मिल रहा है। केंद्र-राज्यों को मिलकर इसका समाधान करना होगा। बेंच ने कहा कि केंद्र सरकार को यह नहीं मान लेना चाहिए कि गाइडलाइन जारी करने के बाद उसकी जिम्मेदारी राज्यों पर आ गई। कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या उसने किसी राज्य से घटनाओं को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है।

राज्य इसे सख्ती से लागू कराएं, बताएं-क्या जरूरी कदम उठाए

सीआईडी और आहट के निर्देशक बीपी सिंह का हार्ट-अटैक से निधन

नई दिल्ली। टीवी शो 'सीआईडी' और 'आहट' के निर्माता-निर्देशक बृजेंद्र पाल सिंह (बीपी सिंह) का मंगलवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। फिल्म निर्माता अशोक पंडित ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर यह जानकारी दी। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को किया जाएगा। दो दशकों तक चले अपराध आधारित शो 'सीआईडी' से बीपी सिंह को देशभर में पहचान मिली थी। अशोक पंडित ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि बीपी सिंह एक बेहतरीन निर्माता-निर्देशक थे, जिन्होंने 'सीआईडी' और 'आहट' जैसे शोज के जरिए दर्शकों को बांधकर रखा। देहरादून में जन्मे बृजेंद्र पाल सिंह ने भारतीय टेलीविजन को सबसे लंबे समय तक चलने वला क्राइम शो 'सीआईडी' बनाया था। यह शो साल 1998 में शुरू हुआ था और लगातार दो दशकों तक प्रसारित हुआ।

खबर संक्षेप

चंडीगढ़ में 1 नवंबर को आएंगे अमित शाह

चंडीगढ़। चंडीगढ़ पुलिस के 60वें स्थापना दिवस यानी रेजिंग डे पर



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक नवंबर को चंडीगढ़ आएंगे। वह शहर में करीब 5 घंटे रहेंगे। सेक्टर-17 के तिरंगा पार्क में आयोजित समारोह में शाह भव्य परेड की सलामी लेंगे। जानकारी के अनुसार, गृह मंत्री सुबह 7 बजे चंडीगढ़ पहुंचेंगे और सुबह 11:45 बजे वापस रवाना हो जाएंगे। अमित शाह के दौरे के दौरान चंडीगढ़ पुलिस के लिए सारंगपुर में मॉडर्न ट्रेनिंग सेंटर और नए पुलिस मुख्यालय के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा सेक्टर-26 में हाईलेवल पुल और पंजाब यूनिवर्सिटी-पीजीआई के बीच अंडरपास परियोजना का उद्घाटन भी प्रस्तावित है। एक स्कूल का उद्घाटन भी किया जा सकता है।

देवीलाल विवि की 52 एकड़ जमीन हथियाने की साजिश : दिग्विजय

चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा की 52 एकड़ जमीन को हरियाणा सरकार कौड़ियों के भाव प्राइवेट बिल्डर्स को देना चाहती है, मगर जेजेपी इस षड्यंत्र को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी। अब सरकार ने आगामी 9 दिसंबर तक यह जमीन मुजारों को सौंपने की बात कही है जबकि सरकार से संरक्षित भूमाफिया ने इन मुजारों से इस भूमि में से कुछ भूमि का औने पौने दामों में बॉन्ड भरवा लिया है

जेजेपी ने स्थापना दिवस के लिए सौंपी जिम्मेदारी

चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी ने छह दिसंबर को महेंद्रगढ़ में होने वाले स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारियों के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए वरिष्ठ नेताओं की हलका स्तर पर जिम्मेदारियां सौंपी हैं। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के दिशा-निर्देशानुसार पार्टी ने उचाना हलके में पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और ओपी लाठर को हलका प्रभारी की कमान सौंपी हैं। डबवाली में दिग्विजय सिंह चौटाला, भिवानी में कृष्ण बजिना, तोशाम में राजदीप फोगाट आदि हलका प्रभारी होंगे।

सीएम नायब सैनी ने गुजरात में उद्योगपतियों का जीता विश्वास

गुजरात दौरे के पहले दिन 12 हजार करोड़ के निवेश प्रस्तावों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के गुजरात दौरे से प्रदेश में निवेश के नए रास्ते खुले हैं। गुजरात दौरे के पहले दिन विभिन्न कंपनियों के साथ लगभग 12 हजार करोड़ रुपये के निवेश से संबंधित समझौता ज्ञापनों यानी एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह पहल हरियाणा में निवेश की बढ़ती संभावनाओं, उद्योग जगत के विश्वास और राज्य सरकार के निवेश प्रोत्साहन प्रयासों को नई मजबूती प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा का एक प्रतिनिधिमंडल गुजरात के दौरे पर है। पहले दिन मुख्यमंत्री ने विभिन्न कंपनियों के फाउंडर्स, प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ वन-टू-वन बैठकें कीं। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने और निवेशकों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर सीएम के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक यश गर्ग, हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम प्रबंध निदेशक विनय प्रताप सिंह, अतिरिक्त प्रबंध निदेशक अनिरुद्ध यादव, सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त निदेशक मानव मालिक सहित अन्य उपस्थित रहे।



गुजरात एयरपोर्ट पर सीएम नायब सिंह सैनी का स्वागत करते प्रशंसक।

टेक्सटाइल व वेस्ट टू एनर्जी में निवेश मिला

एमओयू में डिफेंस टेक्सटाइल के क्षेत्र में 5 हजार करोड़, टेक्निकल टेक्सटाइल में 2 हजार करोड़ तथा औद्योगिक मशीनरी के क्षेत्र में 500 करोड़ रुपये के निवेश से संबंधित समझौते शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, सौर ऊर्जा और कॉस्मेटिक निर्माण के क्षेत्र में हरियाणा में 400 करोड़ रुपये और वेस्ट-टू-एनर्जी क्षेत्र में 4 हजार करोड़ के निवेश पर सहमति भी बनी है।

हरियाणा ग्लोबल समिट का दिया निमंत्रण

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुजरात दौरे के दौरान सूरत में आयोजित प्रवासी मिलन समारोह में हरियाणा के प्रवासी उद्यमियों और गुजरात के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा आज पारंपरिक उद्योगों के साथ आधुनिक विनिर्माण, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स, फार्मा और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में तेजी से अपनी क्षमता बढ़ा रहा है। उन्होंने टेक्सटाइल उद्यमियों को नई उत्पादन इकाइयों और तकनीकी टेक्सटाइल में संभावनाएं तलाशने तथा हीरा एवं आभूषण उद्यमियों को हरियाणा में जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क की संभावनाओं पर विचार के लिए आमंत्रित किया। सीएम ने सभी को अप्रैल 2027 में होने वाले 'हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल समिट' के लिए आमंत्रित किया।

1 नवंबर से चिरायु योजना होगी लागू, 4 हजार में मिलेगा 5 लाख का इलाज

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने 3 लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आय वाले परिवारों तक 'चिरायु' स्वास्थ्य योजना के लाभ का विस्तार किया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की 13 अक्टूबर की अधिसूचना के अनुसार, चिरायु विस्तार योजना 1 नवंबर, 2026 से प्रभावी होगी।

इस विस्तारित योजना के तहत, पात्र परिवार मामूली वार्षिक योगदान देकर प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का कैशलेस अस्पताल इलाज प्राप्त कर सकेंगे। तीन लाख रुपये से अधिक और 6 लाख रुपये तक की सत्यापित वार्षिक आय वाले परिवारों को प्रति वर्ष 4,000 रुपये का भुगतान करना होगा, जबकि 6 लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले परिवार 5,000 रुपये प्रति वर्ष का योगदान देंगे। पात्रता का सत्यापन परिवार पहचान पत्र डेटाबेस के माध्यम से किया जाएगा।

अब मधुमक्खी पालकों को भी मिलेगी नुकसान पर भरपाई

'मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना' में किया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने अब मधुमक्खी पालन को मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के दायरे में शामिल कर लिया है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि सरकार की इस नीति से मधुमक्खी पालकों के मन से प्राकृतिक आपदाओं और अनहोनी से होने वाले नुकसान की चिंता काफी हद तक कम हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत बाढ़ की स्थिति में मधुमक्खी के बक्से और कॉलोनियों के पानी में डूब जाने, आग लगने से उनके नष्ट होने, महामारी तथा ट्रांसपोर्टेशन (परिवहन) के दौरान दुर्घटना के कारण होने वाले नुकसान को कवर किया जाएगा, बशर्ते यह दुर्घटना हरियाणा राज्य के भीतर हुई हो और इसकी एफआईआर दर्ज हो।

प्रति मधुमक्खी पालक अधिकतम 250 मधुमक्खी कॉलोनियां और बक्से निर्धारित किए गए हैं। इसके साथ ही, 'भावांतर भरपाई योजना-शहद' के तहत पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। इसके लिए 50 रुपये प्रति कॉलोनी एवं बॉक्स बीमा फीस तय की गई है। इसके बदले में किसानों को 1250 रुपये प्रति कॉलोनी व प्रति बॉक्स की बीमा राशि मिलेगी, जिसमें अधिकतम बीमा राशि 3,12,500 रुपये हो सकती है।

केंद्र से 4 आईएएस को लाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में जल्द ही केंद्र से कुछ अफसरों की वापसी की तैयारी है यानी मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रशासनिक बदलाव की तैयारी की जा चुकी है। हरियाणा की नायब सैनी सरकार ने केंद्र में सेवाएं दे रहे राज्य के चार वरिष्ठ आईएएस अफसरों को प्रदेश में वापस भेजने का आग्रह केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) से कर दिया है। मुख्यमंत्री ऑफिस में पीएस सीएम की कुर्सी खाली हुई है।

केंद्र की ओर से हरियाणा कैडर के अफसरों को हरियाणा वापसी के लिए उनकी राय भी ली जाएगी। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि राज्य कैडर के कुछ अफसरों ने वापसी को लेकर सहमति भी जाहिर कर दी है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी प्रधान सचिव रह चुके अरुण गुप्ता का कार्यकाल गत माह ही पूर्ण हो गया था। गुप्ता की मुख्यमंत्री कार्यालय में वापसी की अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन उन्हें कोई दूसरा दायित्व दिया जा सकता है। केंद्र से लौटने वाले दो अफसरों में राकेश गुप्ता और नितिन यादव में से किसी एक को मुख्यमंत्री का प्रधान सचिव नियुक्त करने की प्रबल संभावनाएं हैं।

उमाशंकर व गुप्ता समेत ये अफसर आ सकते हैं वापस

बताया जा रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रधान सचिव रह चुके वी उमाशंकर (1993 बैच), मनोहर लाल के ही अतिरिक्त प्रधान सचिव रह चुके डॉ. राकेश गुप्ता (1997 बैच), शहरी निकाय विभाग में प्रधान सचिव रह चुके विकास गुप्ता (2001 बैच) और चंडीगढ़ के गृह सचिव रह चुके नितिन यादव (2000 बैच) वापस आ सकते हैं।

कल्याण ने ब्रिक्स संसदीय फोरम में लिया हिस्सा



चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित दो दिवसीय 12वीं ब्रिक्स संसदीय फोरम में हिस्सा लिया। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन 26 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। 27 अक्तूबर को इसका समापन हुआ। सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के सदस्यों और सहयोगियों समेत 21 देशों के पीठासीन अधिकारियों तथा भारत के सभी राज्यों के पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया। मंच का विषय 'जन-केंद्रित विकास हेतु संसदों को सुदृढ़ बनाना' था।

एक नवंबर को दिल्ली में उठेगी जनता की आवाज : सैलजा

चंडीगढ़। सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का वोट ही उसकी ताकत है। सांसद ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस वोट के अधिकार, चुनावी पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है। एक नवंबर को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित रैली में हरियाणा, उत्तराखंड सहित कई प्रदेशों से लोग आएंगे। सैलजा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियां लोकतांत्रिक परंपराओं के विरुद्ध हैं। लोकतंत्र में सत्तापक्ष के साथ विपक्ष को भी अपनी बात रखने, सरकार की नीतियों का विरोध करने और जनता से जुड़े सवाल उठाने का पूरा अधिकार है।

छह एचसीएस के तबादले व नियुक्ति आदेश किए जारी

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने मंगलवार को छह एचसीएस अधिकारियों के तबादले एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। राज्य सूचना आयोग, हरियाणा में सचिव के पद पर कार्यरत सुरेंद्र सिंह-प्रथम को महिला एवं बाल विकास विभाग में अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वह इस पद पर डॉ. शिल्पी पत्तर दत्त का स्थान लेंगे। डॉ. शिल्पी पत्तर दत्त को मौलिक शिक्षा विभाग में संयुक्त निदेशक (प्रशासन एवं मध्याह्न भोजन) के रिक्त पद पर नियुक्त किया गया है। स्वास्थ्य सेवाएं विभाग में अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) के पद पर कार्यरत कुलधीर सिंह को आयुष विभाग में अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वह इस पद पर दीपक कुमार का स्थान लेंगे। दीपक कुमार को जिला परिषद, महेंद्रगढ़ का मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए), महेंद्रगढ़ का सीईओ नियुक्त किया गया है। वह डॉ. निर्मल नागर का स्थान लेंगे। डॉ. निर्मल नागर को मौलिक शिक्षा विभाग, में अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) नियुक्त किया गया है। डॉ. इंदरजीत को सहकारी चीनी मिल, शाहाबाद का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। वह इस पद पर धीरज चहल का स्थान लेंगे।

पीएम के पिता पर टिप्पणी पर देश नहीं करेगा माफ : गौतम

चंडीगढ़। वरिष्ठ विधायक और भाजपा नेता रामकुमार गौतम ने कहा कि खड़गे की कांग्रेस में कोई हैसियत नहीं है बल्कि वे गांधी परिवार के इशारों पर नाचते हैं। देश के पीएम मोदी के पिता के बारे में टिप्पणी करने वाले खड़गे को देश की जनता कभी भी माफ नहीं करेगी। यह लोग देश में अराजकता फैलाना चाहते हैं। उन्होंने चंडीगढ़ में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि नेता विपक्ष राहुल गांधी और प्रियंका को देश की संस्कृति के बारे में जानकारी नहीं है, बल्कि वे विदेशी संस्कृति में पले बढ़े हैं, उसी तरह की बाते करते हैं।

चुनावी अनियमितताओं की स्वतंत्र जांच हो : संजय दत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के हरियाणा प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस का 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान प्रत्येक नागरिक के मतदान के अधिकार की रक्षा करने, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और भारत निर्वाचन आयोग में जनता का विश्वास बहाल करने का लोकतांत्रिक आंदोलन है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र, कर्नाटक के महादेवपुरा और अलंद तथा हरियाणा से जुड़े मामलों में उठाए गए सवालों का उल्लेख करते हुए दोनों नेताओं ने आरोपों की स्वतंत्र जांच और सत्यापन की मांग की। कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की अपनी मांग दोहराई।

खाद को लेकर किसान परेशान

चंडीगढ़। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने धान की कीमतों को लेकर किसानों की चिंता जायज है। किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य मिलने को लेकर संघर्ष करना पड़ रहा है। खेती की लागत में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, लेकिन किसानों की आमदनी उस अनुपात में नहीं बढ़ी है। गेहूं की बिजाई के महत्वपूर्ण समय में डीएपी खाद को लेकर किसान परेशान है।

बिजली कर्मचारियों को 15 हजार का त्योहार अग्रिम और 8.33 फीसदी बोनस मिलेगा

चंडीगढ़। हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड ने पात्र चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को 15 हजार का ब्याज मुक्त त्योहार अग्रिम और वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पात्र कर्मचारियों को 8.33 प्रतिशत बोनस देने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही निगम ने पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को नकद रहित चिकित्सा सुविधा का लाभ दिलाने के लिए उनके अभिलेख अद्यतन करने का अभियान तेज करने तथा नवंबर में वार्षिक जीवन प्रमाणपत्र जमा कराने के निर्देश जारी किए हैं। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की ब्याज मुक्त अग्रिम राशि की वसूली 1,500 रुपये की 10 मासिक किस्तों में की जाएगी। अस्थायी कर्मचारियों को अग्रिम राशि की वसूली सुनिश्चित करने के लिए किसी स्थायी सरकारी कर्मचारी की जमानत देनी होगी। दैनिक वेतनभोगी, अनुबंधित, आकस्मिक भुगतान प्राप्त करने वाले और कार्यभारित कर्मचारी इस सुविधा के पात्र नहीं होंगे। वहीं, बोनस के लिए कर्मचारी का मासिक वेतन या मजदूरी 21 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

उद्यान विभाग, हरियाणा

पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेल: Coemunimpur@gmail.com

पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सूचना बारे

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर निम्न प्रकार से पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया जाना है:

क्र. सं.	दिनांक	प्रशिक्षण की अवधि (दिनों में)	प्रशिक्षण का विषय	प्रशिक्षणार्थियों की संख्या
1	02.11.2026 से 06.11.2026	5	उन्नत तकनीकों द्वारा फूलों की खेती पर प्रशिक्षण	10

पाँच दिवसीय प्रशिक्षण हेतु इच्छुक किसान अपना ऑनलाईन नामांकन बागवानी विभाग, हरियाणा की वेब साईट http:kaushal.hortharyana.gov.in पर करें। जो दस किसान सबसे पहले ऑनलाईन नामांकन के माध्यम से अपना नाम दर्ज करवाएंगे, उन्हें ही प्रशिक्षण में प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक किसान डॉ. सुरेश चंद, परियोजना अधिकारी कम विषय वस्तु विशेषज्ञ (Mob. No-9671627548) से सम्पर्क करें।

प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन नामांकन की प्रक्रिया निम्न प्रकार से है:-

1. प्रार्थी अपना ऑनलाईन आवेदन http:kaushal.hortharyana.gov.in पोर्टल पर दिनांक 30.10.2026 शाम 03:00 बजे तक कर सकता है।
2. प्रार्थी हरियाणा राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
3. आवेदनकर्ता अपने जरूरी कागजात जैसे कि आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान अपने साथ लेकर आये।
4. चयनित किसानों के नाम बागवानी विभाग की वेबसाईट http:kaushal.hortharyana.gov.in पर दिनांक 30.10.2026 को शाम 03:30 बजे तक अपलोड कर दिये जाएंगे।
5. प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए।
6. प्रशिक्षण हेतु आवेदन एक परिवार पहचान पत्र (PPP) से एक सदस्य ही कर सकता है।
7. किसानों के भोजन की व्यवस्था निम्नहस्ताक्षरी कार्यालय के द्वारा की जायेगी।
8. प्रशिक्षण केन्द्र पर रात्रि ठहराव की व्यवस्था नहीं होगी।

हस्ता/-परियोजना अधिकारी कम विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1259/2027/50525/88/6 दि. 27.10.26

THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED

District Office- Hafed, Jind Road, Kaithal (Haryana).
TEL: (01746)- 222626, E-mail: dmhfdktl@hry.nic.in

AUCTION NOTICE

An open auction for the sale of damaged bardana lying at different locations of Hafed and CMS in the District Kaithal will be held on 30.10.2026 at 02:00 PM in the office of the undersigned in the presence of the committee members consisting of concerned Centre Incharge, Asstt(WH), SO(A/Cs) and District Manager and will be finalized at 03:00 PM on the same day on "AS IS WHERE IS BASIS". The centre wise detail of damaged items is given below:

Sr. No.	Name of items	Kaithal	Cheeka	Dhand	Pundri	Kalayat	Total
1.	Bardana HDPE(Damaged)	8404	1172	1627	40	0	11243
2.	Bardana Jute(Damaged)	49603	13718	54289	11511	12961	142082
3.	A-Twill Damage	100	0	0	0	0	100
4.	New Damage	0	0	0	632	0	632

Terms and Conditions :

1. The reserve price of Jute Bardana is Rs.2.50 per bags and the rate should be quoted in per bags centre wise or for all centres.
2. The reserve price of HDPE Bardana is Rs. 2.00 per bags and the rate should be quoted in per bags centre wise or for all centres.
3. The reserve price of A-Twill Bardana is Rs. 3 per bags and the rate should be quoted in per bags centre wise or for all centres.
4. The reserve price of New Bardana is Rs. 3 per bags and the rate should be quoted in per bags centre wise or for all centres.
5. The parties interested to participate in the auction will have to deposit an earnest money of Rs. 15000/-(Fifty Thousand only). The payment for earnest money can be made through Demand Draft.
6. Rates should be offered per piece in respect of bardana and stock articles.
7. Successful bidder will be required to deposit 25% amount of the total cost of the material as security in addition to earnest money failing which EMD will be forfeited.
8. The material auctioned shall be lifted by the successful bidder within 30days after the of sale letter. After that penalty@1% of the value per week or part thereof. Extension in period will be given in extra ordinary circumstances.
9. GST as applicable shall be charged extra on the material from the purchaser.
10. All the labour charges/carriage/cartage etc will be borne by the purchaser itself.
11. The quality of items can be increased or decreased.
12. Weighment charges will be borne by party.
13. Earnest money of the unsuccessful bidder/tender will be released after finalization of Auction as per rules and regulations.
14. Hafed reserve the right to accept or reject any bid/auction without assigning any reason.
15. In case of any dispute the decision of the D.M., Kaithal will be final.

Sd/- District Manager
Hafed Kaithal

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी- पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6

सार्वजनिक सूचना

{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में}

सार्वजनिक नोटिस: ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2026-27/1647 दिनांक:-14/10/2026

संदर्भ:

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (46) कम्पनियों का नाम हरियाणा राज्य से हटाने के मामले में:

S.No.	Work Item	CIN	Company Hindi Name
1	AC5582783	U18109HR2021PTC092028	जायन होम फर्निशिंग्स प्राइवेट लिमिटेड
2	AC5978868	U74999HR2009PTC038719	अविभा मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड
3	AC5939037	U85499HR2025PTC137539	एलएफबीआई ट्रेनिंग एंड कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड
4	AC5955400	U47990HR2024PTC118603	सॉइल वर्स प्राइवेट लिमिटेड
5	AC5924042	U72900HR2020PTC086430	बुल्गानिन्स इन्फोटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
6	AC5595905	U74120HR2010PTC083033	मेडिक क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड
7	AC5943572	U82990HR2024PTC118641	फ्लेक्स ऑन चेक्स प्राइवेट लिमिटेड
8	AC5938030	U52100HR2019PTC079239	कोरा जेडी एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड
9	AC5896407	U85300HR2021PTC095793	मेलियर लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड
10	AC5733560	U63030HR2022PTC100413	क्विकमूव पैकर्स एंड मूवर्स प्राइवेट लिमिटेड
11	AC5790948	U74999HR2022PTC108112	रेयरक्रस्ट मैनपावर कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड
12	AC5805396	U64200HR2012PTC046829	लैंडमार्क टेलीविजन नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड
13	AC5738464	U55101HR2021PTC099756	प्रणव कनव एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड
14	AC5642067	U51909HR2021PTC094410	लिनक्स इक्विपमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड
15	AC5604761	U85500HR2024PTC119824	ईज अप्लाई अब्रॉड प्राइवेट लिमिटेड
16	AC5580961	U28930HR2012PTC047741	शुभम ऑटो डाई कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड
17	AC5972409	U58111HR2024PTC123299	परस्पेरेंस एनविजन प्राइवेट लिमिटेड
18	AC5999825	U20219HR2012PTC045576	ग्रीन ग्रोव एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
19	AC5770104	U24299HR2021PTC095425	एनीमेड लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड
20	AC6013539	U74999HR2018PTC076768	स्टैंडफर्म एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड
21	AC6013968	U17299HR2019PTC082626	ज्ञानांकित क्लोदिंग प्राइवेट लिमिटेड
22	AC5945128	U63030HR2021PTC099522	एसएसवान लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड
23	AC5953882	U62020HR2025PTC138871	अधोसिस इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड
24	AC5949914	U62020HR2023PTC110292	क्वांटमएआई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
25	AC5941893	U24299HR2021PTC098415	मूर्ति ग्रीन फ्यूल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
26	AC5857094	U45309HR2021OPC094310	नेक्स्ट स्पेस स्टूडियो (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
27	AC5894365	U74999HR2018PTC077378	वेंगज एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड
28	AC5838646	U74999HR2017OPC067126	बियॉन्ड फूड (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
29	AC5754005	U93090HR2019PTC082083	सोनिपत्रूमीडिया प्राइवेट लिमिटेड
30	AC5721817	U85500HR2024OPC120248	डॉ. खान क्लासेस (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
31	AC5656623	U74999HR2018PTC073469	शुवेई ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड
32	AC5664106	U47510HR2024PTC122225	सिम्फोनिक लाइफस्टाइल्स प्राइवेट लिमिटेड
33	AC5706479	U72200HR2013PTC048845	क्वेल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड
34	AC5646740	U63030HR2018PTC076430	स्ट्रैटेजिक इलेक्ट्रिक फ्लीट्स प्राइवेट लिमिटेड
35	AC5572149	U72300HR2015PTC056444	आइडियानब प्राइवेट लिमिटेड
36	AC5531983	U73200HR2021OPC096592	जीटीएसएमआर (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
37	AC5593303	U80904HR2011PTC043617	सोहना एजुकेशन सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड
38	AC5563810	U80903HR2021PTC097673	निःशुल्क ज्ञान प्राइवेट लिमिटेड
39	AC5927889	U52609HR2018PTC077504	कोरा एसबीमिलेगा डॉट कॉम प्राइवेट लिमिटेड
40	AC5837052	U74999HR2022PTC103767	एचएल ग्लोबल कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड
41	AC5986347	U80301HR2022PTC108642	पीआई स्टॉक्स इंस्टीट्यूट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड
42	AC5799528	U28193HR2023PTC116446	अरुविड लैब्स प्राइवेट लिमिटेड
43	AC5733380	U15490HR2021OPC096390	नैटरेस्टोर (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
44	AC5711890	U45309HR2017PTC070646	सर्श बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड
45	AC5732714	U52100HR2021PTC097009	पेटसेसेंशिया प्राइवेट लिमिटेड
46	AC5667748	U74999HR2021PTC095473	मोरवीनंदन एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

रौनक अग्रवाल
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0706/2627

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
CBC 19101/13/0021/2627
सबसे श्रेष्ठ ये देश जो है स्वदेश
आंतरिक सुरक्षा बलों का सम्मान
राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
एकता नगर, गुजरात
एक ही जगह देखें, एकता के रंग अनेक
भारत पर्व
1 से 15 नवंबर, 2026
एकता नगर, गुजरात
राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर 2026
जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें rashtriyaektadiwas.com
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



खबर संक्षेप

एसवाईएल नहर में दिखा 10 फुट लंबा मगरमच्छ



कुरुक्षेत्र। सलपानी कलां गांव के पास एसवाईएल नहर में 8 से 10 फुट लंबा मगरमच्छ दिखाई देने से चिंता बढ़ गई है। करीब चार फुट गहरे पानी में मगरमच्छ को पकड़ना चुनौती बना हुआ है। अब पानी का स्तर घटने के बाद वन्यजीव विभाग की टीम के साथ जाल की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाने की तैयारी है। गोताखोर प्रगट सिंह के अनुसार, एक मछली पकड़ने वाले युवक ने वीडियो भेजकर नहर में मगरमच्छ होने की सूचना दी। उन्होंने बताया कि अगले तीन-चार दिन में पानी कम होने की उम्मीद है। संबंधित टीम इसके बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ने का प्रयास करेगी।

खड़े ट्रक में टकराया कैंटर, क्लीनर की मौत

रेवाड़ी। रोहतक नेशनल हाइवे पर मंगलवार सुबह बाम्बड़ कट के पास खड़े ट्रक में कैंटर घुस गया। हादसे में कैंटर के क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक सहित दो लोग घायल हो गए। घायलों को ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया गया है। हादसे के बाद कैंटर का चालक, क्लीनर और एक अन्य व्यक्ति केबिन में बुरी तरह फंस गए। आसपास के लोगों ने पुलिस की मदद से तीनों को कैंटर से बाहर निकाला गया। तब तक क्लीनर मोहित दम तोड़ चुका था।

परिजनों को नशीला पदार्थ दे रात को लापता हुई महिला

जींद। गढ़ी थाना इलाके गांव में महिला पूरे परिवार को नशीला पदार्थ देकर फरार हो गई। पुलिस ने एक युवक पर अपहरण का मामला दर्ज किया है। गढ़ी थाना इलाके के एक व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि गत 25 अक्टूबर रात को वह अपने परिवार के साथ खाना खाकर सोया था। अगली सुबह परिवार के सदस्य काफी देर तक सोते रहे। दिन चढ़ने पर भी परिवार के सदस्यों की कोई हलचल न होने पर पड़ोसियों ने आकर उन्हें जगाया। उसने देखा कि उसके तीनों बच्चे घर पर हैं। जबकि उसकी पत्नी गायब थी। उसकी बेटी ने बताया कि दिन में गांव का अंकुश उनके घर आया था। जो उसकी मां को पॉलीथिन में कुछ दे गया था। आरोप है कि अंकुश व उसकी पत्नी उन्हे खाने मे नशीला पदार्थ दिया है।

शिकंजा: सोनीपत में 525 किलो रसगुल्ले-छेना व सफीदों में 180 किलोग्राम पनीर पकड़ा

रसगुल्लों और छेना पर भिनभिना रही थीं मक्खियां, खराब मिला पनीर नष्ट करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

त्योहारी सीजन में मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के लिए कसना शुरू कर दिया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के डीओ डॉ. बीरेंद्र यादव व खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह की टीम ने मंगलवार को देवडू रोड स्थित फैक्टरी पर छापा डाला। छापे के दौरान अधिकारियों को मौके पर तैयार मिले 500 किलो रसगुल्लों में मक्खी भिनभिनाती व अशुद्धता मिली। साथ ही 25 किलो छेना में भी अशुद्धता पाई गई। जिस पर अधिकारियों की टीम ने दोनों खाद्य पदार्थों के तीन सैंपल एकत्रित करने के बाद बुलडोजर से गड्ढा खुदवाकर रसगुल्लों व छेना को नष्ट कराया। रसगुल्ले व छेना के तीनों सैंपलों को जांच के लिए चंडीगढ़ लैब भेज दिया गया है। डीओ बीरेंद्र यादव ने बताया कि फैक्टरी संचालक वकील पर करीब दो साल पहले भी कोर्ट के आदेश पर फैक्टरी संचालक पर जुर्माना भी लगाया जा चुका है। अब मंगलवार को टीम ने कार्रवाई की, तो वहां पर खाद्य पदार्थों में अशुद्धता व गंदगी मिलने के कारण फैक्टरी को बंद कराया गया है। फैक्टरी का लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।



सीएम फ्लाइंग व फूड सेफ्टी विभाग टीम ने की छापेमारी

यमुनानगर। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते और फूड सेफ्टी विभाग की संयुक्त टीम ने त्योहारों के सीजन को देखते हुए मंगलवार को यमुनानगर के रामपुरा स्थित मिष्ठान भंडार पर छापेमारी की। करीब डेढ़ घंटे चली कार्रवाई के दौरान टीम ने दुकान से छेना टोस्ट और खोया के दो सैंपल भरे। इन सैंपलों को जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। फूड सेफ्टी ऑफिसर गुलाब सिंह ने बताया कि सीएम फ्लाइंग की ओर से मिले संदेश के बाद टीम मिष्ठान भंडार पहुंची थी। यहां से मिठाई और खोया के सैंपल लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए विभाग की ओर से अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है। सैंपल लेकर उनकी जांच करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि सैंपलों की लैब रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सैंपल जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर स्थिति स्पष्ट होगी। कार्रवाई के दौरान फूड सेफ्टी विभाग की ओर से एफएसओ गुलाब सिंह, मोहित और संजीव कुमार मौजूद रहे। वहीं, सीएम फ्लाइंग टीम में एसआई हितेंद्र कुमार, एसआई परविंद्र, एएसआई सुखविंद्र और एएसआई जनक राज शामिल रहे।

जींद में तीन पनीर और पांच मिठाइयों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेटरी भेजे

जींद। सफीदों में मंगलवार को पनीर और मिठाइयों के नमूने लेने के साथ खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की गई। कार्रवाई के दौरान मौके पर ही 180 किलो खराब पनीर को नष्ट करवाया गया। त्योहारी सीजन में पनीर, दूधए मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका को देखते हुए विभाग की टीमें दुकानों और अन्य प्रतिष्ठानों पर जांच कर रही है। इसी के चलते खाद्य सुरक्षा टीम ने मंगलवार को सफीदों में दस्तकदी। टीम ने पनीर के तीन व मिठाइयों के आठ सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेटरी भेजे। वहीं दो दुकानों पर जांच के दौरान कुल 180 किलो पनीर खराब मिला। इसमें गुप्ता पनीर भंडार का 140 किलो पनीर शामिल रहा। जिसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया। जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी डा. अमरप्रकाश ढाका ने बताया कि त्यौहारों के सीजन में मिलावटी खाद्य पदार्थ बाजार में बिकने की संभावना बढ़ जाती है। विभाग जांच कर रहा है। जो सैंपल भरे गए हैं, उनकी रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी।

नूंह में एसीबी की कार्रवाई

मेडिकल कॉलेज का सहायक ₹22 हजार रिश्वत लेते दबोचा

अतिरिक्त ड्यूटी की हाजिरी पूरी करने के बदले मांगी थी घूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के निर्देशानुसार प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की नूंह सब-यूनिट ने शहीद हसन खान राजकीय मेडिकल कॉलेज, नल्हड़ के डीन कार्यालय में सहायक के पद पर तैनात सकरुद्दीन को 22,000 रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर शिकायतकर्ता की छह दिनों की अतिरिक्त ड्यूटी की हाजिरी पूरी करने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है। शिकायतकर्ता के अनुसार, शहीद हसन खान राजकीय मेडिकल कॉलेज, नल्हड़ के डीन कार्यालय में तैनात सहायक सकरुद्दीन ने छह दिनों की अतिरिक्त ड्यूटी की हाजिरी पूरी करने के एवज में 22,000 रुपये रिश्वत की मांग की थी।

एसीबी ने ट्रैप लगाकर की कार्रवाई

एसीबी की नूंह सब-यूनिट ने नियमानुसार ट्रैप लगाया। कार्रवाई के दौरान आरोपी सकरुद्दीन को 22,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, गुरुग्राम में मामला दर्ज किया गया है। यह ट्रैप कार्रवाई राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, नूंह यूनिट के नेतृत्व में की गई। मामले में आगे की जांच नियमानुसार जारी है।

'सतर्क हरियाणा' एप व हेल्पलाइन पर दें सूचना

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी किसी कार्य के बदले रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी सूचना तुरंत एसीबी को दें। नागरिक 'सतर्क हरियाणा' मोबाइल ऐप के माध्यम से भी भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

रिटायर्ड बीएसएनएल कर्मी की हत्या के बाद भड़का गुस्सा, पुलिस के साथ धक्का-मुक्की

धरने पर बैठे परिजन, महिलाएं सड़क पर लेटने से बढ़ा तनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गांव रिंडल निवासी रिटायर्ड बीएसएनएल कर्मचारी रामेश्वर (65) की हत्या के मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। मंगलवार को परिजन अंबेडकर चौक पर धरने पर बैठ गए और आरोपियों के एनकाउंटर की मांग करने लगे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाने का प्रयास किया तो महिलाएं भी सड़क पर लेट गईं। इस दौरान पुलिस और परिजनों के बीच काफी देर तक हंगामा होता रहा। हालात को संभालने के लिए डीएसपी नायब सिंह सहित पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुंचीं। परिजनों के अनुसार, रामेश्वर बीएसएनएल में क्लर्क के पद पर कार्यरत थे और करीब पांच साल पहले सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद वह गांव के मंदिर में पूजा-पाठ करते थे। उनके भतीजे सोनू ने बताया कि रामेश्वर का खेत की जमीन को लेकर दूसरे पक्ष के साथ विवाद चल रहा था। उनका दावा है कि अदालत के फैसले के अनुसार जमीन पर रामेश्वर का कब्जा था और उन्होंने खेत में धान की फसल बो रखी थी।

आरोपियों के एनकाउंटर की मांग



गुरुग्राम में 673 किलोग्राम गांजे से भरा ट्रक पकड़ा, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने राजीव चौक के पास घेराबंदी कर एक टाटा ट्रक से 673 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 1.25 करोड़ रुपये बताई गई है। तस्कर गांजे की यह खेप ओडिशा से लाकर राजस्थान के भिवाड़ी में सप्लाई करने जा रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गांव उदयपुर, जिला खैरथल (राजस्थान) के रहने वाले ट्रक ड्राइवर साबिर (34) और किशनगढ़ निवासी हेल्पर सनावर (19) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, साबिर ही ट्रक का मालिक है। उसी ने फ्लाइट से ओडिशा जाकर गांजे की यह डील तय की थी। उसने हेल्पर सनावर को 20 हजार रुपये प्रतिमाह के वेतन पर रखा हुआ था। फिलहाल पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है, ताकि इस गिरोह के बाकी नेटवर्क का पता लगाया जा सके।





ये खुलासे किए

■ पुलिस पूछताछ में मुख्य आरोपी साबिर ने बताया कि वह गांजे की यह बड़ी डील तय करने और माल लोड करवाने के लिए फ्लाइट से ओडिशा गया था। वहां सौदा पक्का करने के बाद वह वापस आया और अपने ही ट्रक से इसे सप्लाई करने की योजना बनाई।

■ पुलिस के अनुसार, ओडिशा से भिवाड़ी तक माल पहुंचाने के लिए मुख्य तस्करों द्वारा उसे 2 लाख रुपये का भुगतान किया जाना था। आरोपी साबिर खुद ही ट्रक का मालिक और ड्राइवर है, जिसने 20 हजार रुपये प्रतिमाह के वेतन पर सनावर को बतौर हेल्पर रखा हुआ था।

प्लास्टिक दानों के नीचे छिपा रखा था गांजा

क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 के इंचार्ज सब-इंस्पेक्टर अरुण और उनकी टीम ने दोनों को राजीव चौक के पास से दबोच लिया। टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि राजस्थान नंबर के एक टाटा ट्रक में भारी मात्रा में नशीला पदार्थ छिपाकर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने राजीव चौक पर तुरंत घेराबंदी की और ट्रक पहुंचते ही उसे रुकवा लिया। जांच के दौरान ट्रक में ऊपर प्लास्टिक के दानों (ग्रेन्युल्स) से भरे 767 बैग और 15 पॉट लदे मिले, ताकि किसी को शक न हो। हालांकि, जब बारीकी से तलाशी ली गई, तो इनके नीचे छिपाकर रखा गया गांजा बरामद हो गया।

23 कट्टों में भरी थी नशे की खेप

जब पुलिस ने प्लास्टिक दानों के बैग्स को हटाकर सघन तलाशी ली, तो उनके नीचे गांजे से भरे 23 बड़े कट्टे छिपे हुए मिले। इनका कुल वजन 673 किलोग्राम निकला।आरोपियों ने कबूल किया कि वे पहले भी दो बार इसी तरह प्लास्टिक दानों के बीच गांजा छिपाकर सुरक्षित सप्लाई कर चुके थे। यह उनका तीसरा प्रयास था, लेकिन इस बार गुरुग्राम पुलिस की मुस्तैदी से उनकी सवा करोड़ रुपये की यह खेप पकड़ी गई।

फ्लाइट से ओडिशा जाकर 1.25 करोड़ के गांजे की डील

राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित होंगे एशियाई खेलों के पदक विजेता

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के खिलाड़ियों की खेल उपलब्धियों को सम्मान देने और उनका उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से शुक्रवार, 30 अक्टूबर को भिवानी के भीम स्टेडियम में राज्य स्तरीय खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। हरियाणा के खेल राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम ने मंगलवार को पलवल में यह जानकारी दी। खेल राज्य मंत्री ने कहा कि राज्य स्तरीय सम्मान समारोह के दौरान एशियाई और पैरा-एशियाई खेलों में पदक जीतकर देश और प्रदेश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए करोड़ों रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता सेवानिवृत्त शिक्षक को दो इंक्रीमेंट मिलने की उम्मीद

चंडीगढ़। राज्य शिक्षक पुरस्कार मिलने के बावजूद दो अतिरिक्त वेतनवृद्धियों का लाभ न पाने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से राहत की उम्मीद जगी है। कोर्ट ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिया है कि वह पहले के एक फैसले के आधार पर उनके दावे पर विचार कर 3 महीने के भीतर निर्णय ले। यदि शिक्षक पात्र पाए जाते हैं तो उन्हें बिना देरी लाभ दिया जाए। हालांकि, अदालत ने सीधे वेतनवृद्धि देने का आदेश नहीं दिया है। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की पीठ के समक्ष याचिका में होशियार सिंह ने राज्य शिक्षक पुरस्कार के आधार पर दो अतिरिक्त वेतनवृद्धियों और महंगाई भत्ते की मांग की थी। उन्होंने संशोधित अंतिम वेतन, पेंशन, अन्य परिणामी सेवा लाभ और उन पर ब्याज देने का अनुरोध भी किया था। होशियार सिंह महेंद्रगढ़ जिले के धनुंडा स्थित रावमा विद्यालय में विज्ञान शिक्षक थे। उन्हें वर्ष 2021 के लिए राज्य शिक्षक पुरस्कार मिला था। विभाग ने 25 अगस्त 2022 को इस संबंध में आदेश जारी किया, लेकिन उन्हें वेतनवृद्धि का लाभ नहीं मिला। वह 30 अप्रैल 2024 को सेवानिवृत्त हुए। विभाग ने 18 जुलाई 2024 को उनका दावा यह कहते हुए खारिज कर दिया कि पुरस्कार मिलने के समय उनकी आयु 55 वर्ष से अधिक थी।

पदोन्नति के बाद खाली हुए 12 पद तबादला प्रक्रिया में शामिल होंगे

चंडीगढ़। प्रदेश के राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालयों में कार्यरत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी के व्याख्याताओं को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से राहत मिली है। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने तकनीकी शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि पदोन्नति के बाद खाली हुए 12 पदों को आनलाइन तबादला प्रक्रिया में रिक्त मानकर विकल्पों में शामिल किया जाए। पूजा सिंधु एवं अन्य व्याख्याताओं की याचिका के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी के व्याख्याताओं को वरिष्ठ व्याख्याता पद पर पदोन्नति देने के लिए 9 जनवरी 2026 को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक हुई थी। 14 जुलाई 2026 को कुछ शिक्षकों की पदोन्नति के आदेश जारी किए गए, लेकिन समिति के विचाराधीन 12 व्याख्याताओं के आदेश लंबित रहे। सरकार ने 25 जून 2026 को आदर्श ऑनलाइन तबादला नीति जारी की थी।

पानीपत धागा फैक्टरी में लगी आग बिहार का प्रवासी श्रमिक जिंदा जला

एक झुलसा, हालत चिंताजनक, पुलिस-दमकल ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के औद्योगिक क्षेत्र शिवनगर में स्थित धागा बनाने वाली सीआरजी कोटेक्स प्राइवेट लिमिटेड में लगी आग में मजदूर जिंदा जल गया, जबकि दूसरा गंभीर रूप से झुलस गया। दोनों बिहार के निवासी है। दोनों फैक्टरी में नौकरी कर रहे थे। इधर, दमकल ने कड़े प्रयास कर आग को काबू किया। दमकल के अनुसार आग मंगलवार के तडके साढ़े तीन बजे लगी और पूरी फैक्टरी को अपनी चेपट में ले लिया। वहीं, आग की चपेट में आने से रिशु की मौत हो गई। जबकि धनेश्वर झुलस गया। इधर, पुलिस ने जांच के बाद रिशु के शव को पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। इधर, दमकल के अधिकारी व पुलिस टीम धागा फैक्टरी में लगी आग की जांच कर रही है। इधर, फैक्टरी प्रबंधक रमेश व निदेशक प्रवीण का दावा है कि फैक्टरी में आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण ली। आग में एक मजदूर की मौत हुई और एक घायल है। जबकि आग में तैयार व कच्चा माल, मशीन आदि जल गए। इधर, हुडा सेक्टर-29 थाना पुलिस ने इस मामले की जांच कर रही है



लिफ्ट से गिरा मजूदर, मौत

रेवाड़ी। गणपत नगर में में एक मकान में लिफ्ट का कार्य कर रहे श्रमिक की लिफ्ट से गिरकर मौत हो गई। मूल रूप से एमपी का रहने वाला 28 वर्षीय संजय कुमार हजारीवास गांव में किराए पर रहता था। वह लिफ्ट लगाने का कार्य करता था। गणपत नगर में नरेंद्र के मकान में लिफ्ट का कार्य करते समय वह नीचे गिर गया। अन्य श्रमिकों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वेल्डिंग करते समय टूटा पैनल, पहली मंजिल से टीन के शेड पर गिरे तीन मजदूर, हालत गंभीर

फरीदाबाद। फरीदाबाद जिले के गांव मुजेसर में इमारत की पहली मंजिल पर वेल्डिंग का काम करते समय हादसा हो गया। मजदूरों के काम करने के लिए लगा पैनल अचानक से टूट गया। जिससे तीन मजदूर नीचे गिर गए। घायल हालत में सभी को इलाज के लिए बीके अस्पताल लेकर जाया गया। जहां से उनको दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया है। घायल मजदूरों के साथ बीके अस्पताल पहुंचे ठेकेदार असरद ने बताया कि वह मुजेसर में एक इमारत की पहली मंजिर पर वेल्डिंग का काम कर रहे थे। यहां पर ब्लिंकिट का स्टोर बन रहा है। जिसके लिए बोर्ड सहित दूसरा काम किया जा रहा था। इसी दौरान पैनल अचानक से टूट गया और तीन मजदूर नीचे आकर गिर गए। अरसद ने बताया कि घायलों में मुजसिर, साहिब और फहीम शामिल है। तीनों ही सहारनपुर यूपी के रहने वाले है। तीनों के पैर और सर में चोट आई है। बीके अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद उनको दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया है।



पहली कक्षा में अंग्रेजी माध्यम अनिवार्य, बदलाव की चलेगी बयार

प्रदेश के 279 प्राथमिक विद्यालयों का नया नामकरण

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

सूबे के 279 प्राथमिक विद्यालयों का नया नामकरण होने जा रहा है। राज्य के 202 विद्यालयों राजकीय मुख्यमंत्री उत्कृष्टता एवं प्रारंभिक अंग्रेजी प्राथमिक विद्यालय, 77 का नाम होगा राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय। बताया गया है कि दूसरी कक्षा से हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के अलग-अलग अनुभाग होंगे 2027-28 से मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों में विद्यालय विकास निधि की व्यवस्था। बताया गया है कि 279 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के नामकरण में बदलाव किया है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी हुए आदेश के अनुसार, 202 प्राथमिक विद्यालयों को राजकीय मुख्यमंत्री उत्कृष्टता एवं प्रारंभिक अंग्रेजी प्राथमिक विद्यालय और 77 प्राथमिक विद्यालयों को राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय के रूप में नामित किया जाएगा। ये बदलाव उन प्राथमिक विद्यालयों में किया है, जो निर्धारित मॉडल संस्कृति, मुख्यमंत्री उत्कृष्टता एवं पीएम श्री माध्यमिक या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के परिसर में अथवा उनके आसपास स्थित हैं। विभाग ने आदेश के साथ विद्यालयों की जिलेवार सूची भी जारी की है।

विद्यार्थियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा

सभी विद्यालयों में पहली कक्षा की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम में अनिवार्य रूप से कराई जाएगी। दूसरी कक्षा से हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के एक-एक अलग अनुभाग होंगे। सभी संबंधित विद्यालय अधिसूचना जारी होने के साथ सह-शिक्षा संस्थानों के रूप में संचालित होंगे। राजकीय मुख्यमंत्री उत्कृष्टता एवं प्रारंभिक अंग्रेजी प्राथमिक विद्यालयों में निर्धारित नियमित निधियों के अलावा विद्यार्थियों से कोई शुल्क या आर्थिक योगदान नहीं लिया जाएगा। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2027-28 से विद्यालय विकास निधि की व्यवस्था लागू होगी।

नए नामों का पूरा हिंदी रूप

प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती स्क्रीनिंग प्रक्रिया के माध्यम से की जाएगी। यह प्रक्रिया मॉडल संस्कृति, पीएम श्री और मुख्यमंत्री उत्कृष्टता विद्यालयों में अपनाई जाने वाली व्यवस्था के अनुरूप होगी। स्कूल शिक्षा विभाग प्रधान सचिव विजय दहिया द्वारा जारी आदेश को प्रारंभिक शिक्षा निदेशक मनीता मलिक ने 27 अक्टूबर को संबंधित अधिकारियों और विद्यालय प्रमुखों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा है। राजकीय मुख्यमंत्री उत्कृष्टता एवं प्रारंभिक अंग्रेजी प्राथमिक विद्यालय श्रेणी में 202 विद्यालय शामिल हैं। जिनमें अंबाला, भिवानी, चरखी दादरी, फरीदाबाद, फतेहाबाद, गुरुग्राम, हांसी, हिसार, झज्जर, जींद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, महेंद्रगढ़, नूंह, पलवल, पंचकूला, पानीपत, रेवाड़ी, रोहतक, सिरसा, सोनीपत और यमुनानगर सहित विभिन्न जिलों के विद्यालय हैं। राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय श्रेणी में 77 विद्यालय शामिल हैं। इनमें अंबाला, भिवानी, फतेहाबाद, गुरुग्राम, हांसी, हिसार, झज्जर, जींद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, महेंद्रगढ़, नूंह, पलवल, पंचकूला, पानीपत, रेवाड़ी, रोहतक, सिरसा, सोनीपत और यमुनानगर के विद्यालय हैं। सरकार का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा के अवसरों का विस्तार और विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था को निर्धारित उत्कृष्टता मानकों के अनुरूप बनाना है।

दक्षिण गोवा में 29वें ऊर्जा सम्मेलन में बोले केंद्रीय मंत्री

ईंधन में एथेनॉल मिश्रण 20% से अधिक बढ़ाने की अभी कोई योजना नहीं : पुरी

एजेंसी ▶▶ पणजी

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र की फिलहाल पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण की मात्रा मौजूदा 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। दक्षिण गोवा में 29वें ऊर्जा प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर बातचीत के दौरान पुरी ने यह भी दावा किया कि जैव ईंधन को लेकर गलत जानकारी फैलाई जा रही है।

पुरी ने कहा कि ई20 (20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) को लेकर गलत जानकारी एक ''मनगढंत कहानी'' है। ई20 ईंधन को लेकर जारी चर्चाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''जहां तक जैव ईंधन का सवाल है... हां, एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य 20 प्रतिशत था और फिलहाल इसे 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने की कोई इच्छा नहीं है।'' उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर गलत जानकारी फैलाई जा रही है।

आयातित कच्चा तेल देश के चालू खाते में घाटे का प्रमुख कारण

एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को बढ़ावा दिया जा रहा

सरकार आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने की अपनी रणनीति के तहत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को बढ़ावा दे रही है। आयातित कच्चा तेल देश के चालू खाते के घाटे के प्रमुख कारणों में से एक है। देश में ई20 ईंधन पहले ही शुरू किया जा चुका है, जिसमें 20 प्रतिशत एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है।

- जैव ईंधन को लेकर गलत जानकारी फैलाई जा रही
- ई20 में 20 फीसदी एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है



सोशल मीडिया की पोस्ट देखी

'अनुसंधान से व्यावसायीकरण तक ऊर्जा नवाचार को गति देना' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन दक्षिण गोवा के बेतुल गांव में किया गया। इसका आयोजन केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय कर रहा है। पुरी ने कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' देखी थी, जिसमें दावा किया गया था कि वाहन बंद पड़ गए हैं और उनमें खराबी आ रही है।

2003 से पहले बने वाहनों में कुछ समस्या थी

इससे यह संकेत मिलता था कि सरकार ने मिश्रित ईंधन की बिक्री बंद कर दी है। उन्होंने कहा कि ई20 मिश्रित ईंधन का इस्तेमाल इसके अनुरूप बने वाहनों के लिए है। उन्होंने कहा, ''2003 से पहले बने पुराने वाहनों में कुछ समस्या थी।''

सरकार को 1,60,000 करोड़ रुपये की बचत हुई

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ई20 पेट्रोल की शुरुआत से केंद्र सरकार को 1,60,000 करोड़ रुपये की बचत हुई, जिसमें से 1,40,000 करोड़ रुपये किसानों को वापस दिए गए। उन्होंने कहा, ''किसान अन्नदाता (भोजन देने वाले) से ऊर्जादाता (ऊर्जा देने वाले) बन गए हैं।''

कच्चे तेल में तेजी, बैंक शेयरों में बिकवाली से बाजार स्थिर बंद

मुंबई (भाषा)। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, बैंक एवं आईटी शेयरों में बिकवाली और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 8.08 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 73,598.67 अंक पर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में यह 73,762.98 अंक के ऊपरी और 73,179.41 अंक के निचले स्तर तक गया। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 3.45 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 22,749.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर प्रमुख रूप से गिरावट में रहे। दूसरी तिमाही, मारुति और पावर ग्रिड के शेयरों में तेजी रही।

चांदी में 4,000 रुपये की गिरावट सोना भी 500 रुपये टूटा

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत दो लाख रुपये प्रति किलोग्राम से नीचे आ गई। 10 महीने से अधिक समय में यह पहला मौका है जब चांदी की कीमत इस स्तर पर आई है। सोने की कीमत में भी 500 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक सर्राफा बाजारों में कमजोर रुख और डॉलर में मजबूती के कारण सोना और चांदी के भाव में नरमी आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 4,000 रुपये टूटकर सभी करों सहित 1.98 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रही। यह 10 महीने का इसका सबसे निचला स्तर है। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2.02 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इससे पहले 16 दिसंबर को चांदी का भाव 1,98,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी सोमवार के बंद भाव 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से 500 रुपये घटकर सभी करों सहित 1,45,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

तनिष्क ने पेश किया 'अध्यंतरा' कलेक्शन आभूषणों में उतरी ब्रम्हाण्ड की सुंदरता

बैंगलुरु। टाटा परिवार का एक सदस्य और भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड तनिष्क ने धनतेरस के शुभ अवसर के लिए अपना नया कलेक्शन 'अध्यंतरा' पेश किया है। नए कलेक्शन के लिए बनाए गए विशेष कैम्पेन में



मशहूर अभिनेत्री तृप्ति डिमरी नजर आ रही हैं। 'अध्यंतरा' असीम ब्रह्मांड की खूबसूरती और उसके रहस्यों से प्रेरित है। दूर चमकते सितारों की अनूठी रोशनी से लेकर खगोलीय आकृतियों की कलात्मकता तक 'अध्यंतरा' का हर आभूषण अपने आप में कुछ असाधारण समेटे हुए है। यह हर महिला को एक ऐसी जादुई दुनिया तलाशने का न्योता देता है, जहां उसकी कल्पनाओं की कोई सीमा न हो। ब्रह्मांड हमेशा से एक अनोखे जादू और रहस्यों का प्रतीक रहा है। चार अलग-अलग श्रेणियों ग्लास कुंदन, स्टोन जड़े हुए प्लेन आभूषण, प्लेन गोल्ड और अनकट डायमंड्स में 100 से अधिक शानदार डिजाइनों के साथ यह कलेक्शन तैयार किया गया है। नेकलेस सेट, चूड़ियां, अंगूठियां और मंगलसूत्रों तक फैले इस कलेक्शन में 18 कैरेट और 22 कैरेट सोने के आभूषण शामिल हैं, जिनका वजन 30 ग्राम से 120 ग्राम के बीच है। इसका हर एक आभूषण कल्पना और सटीकता का एक अनूठा संगम है, जिसे 3डी आकृतियों, परतों वाली 'बादरूम' कारीगरी, पेटेंट किए गए 3डी ग्लास कुंदन, हाथ से तराशे गए स्टोन और इनेमल की बेमिसाल तकनीकों के जरिए जीवंत किया गया है। बारीक परतों, आयामी कला और रंगों, रोशनी व टेक्स्चर के बेहतरीन तालमेल से हमारी पारंपरिक कारीगरी को एक आधुनिक रूप दिया गया है, जो ब्रह्मांड की गहराई और उसकी दिव्य चमक को दर्शाता है। इस कलेक्शन में एक नया आयाम जोड़ते हुए, कुछ चुनिंदा आभूषणों को वर्सटाइल 3-इन-1, 4-इन-1 और 5-इन-1 मॉड्यूलर डिजाइनों में तैयार किया गया है।

रुपया आठ पैसे मजबूत होकर 95.07 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई (भाषा)। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे मजबूत होकर 95.07 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और डॉलर मजबूत होने के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप से रुपये में कुछ सुधार आया। लेकिन विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 95.17 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.02 से 95.24 प्रति डॉलर के दायरे में रहा और अंत में पिछले बंद भाव से आठ पैसे मजबूत होकर 95.07 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपया सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ 22 पैसे टूटकर 95.15 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF HARSIMRAN KAUR KERON, Civil Judge, Junior Division, Bahadurgarh
PUNJAB AND SIND BANK
Vs.
KAVITA
CS-413-2026
CNR No. HRJRA0-000587-2026
Next Date:- 02-11-2026
PUBLICATION ISSUED TO:
KAVITA
Spouse:-SHIV KUMAR S/O GANGARAM
H.NO. 1817,W.NO. 3,G.NO. 5, SURAT NAGAR, LINEPAR, BAHADURGARH
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 02.11.2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Harsimran Kaur Keron, JMIC / CJ (JD) Bahadurgarh
Dated, this day of 22.10.2026

ई-नीलामी सूचना
दुर्घटना से क्षतिग्रस्त 2 अदद 80-टन क्षमता गैंट्री क्रेन्स और डीजी सैट का कैनोपी
इच्छुक खरीददारों को "एक मुश्त" आधार पर "दुर्घटना से क्षतिग्रस्त 2 अदद 80-टन क्षमता गैंट्री क्रेन्स और डीजी सैट का कैनोपी" के निपटान हेतु ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। विषय मलबा "जैसा है जहां है", "जो भी है वहां है" और "शिकायत नहीं" आधार पर बेचा जाएगा और मै. एपको इंफ्राटेक प्राईवेट लिमिटेड से सम्बन्धित है। मोहना-अटेरना रोड, गांव व डा.-मोहना, जिला फरीदाबाद, हरियाणा-121004 में रखी हुई विषय सामग्रियों का निरीक्षण 28.10.2026 से 04.11.2026 के बीच पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5.00 बजे के बीच केवल कार्यदिवसों को किया जा सकता है। निरीक्षण हेतु कृपया श्री वाहाने से 8960654358 पर सम्पर्क करें।
ई-नीलामी 05.11.2026 को आयोजित की जाएगी।
ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें निहित प्रपत्र प्राप्त करने के लिए कृपया श्री विभु झा से 8369652088 पर सम्पर्क करें अथवा वेबसाइट : https://www.sealthedeal.co.in/ से डाउनलोड करें।
नीलामकर्ता : सील दि डील
जिसका पंजीकृत कार्यालय 5वां तल, ऑफिस नं. 2, किंग्स मॉल, रोहिणी सेक्टर-10 दिल्ली-110085 में है।
प्रपत्र और ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट जमा करवाने की अन्तिम तिथि 04.11.2026 है।

दी महम सहकारी चीनी मिल्ज लिमिटेड महम (रोहतक)
सूचना
दी महम सहकारी चीनी मिल लि., महम के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि मिल की सामान्य सभा की बैठक जो दिनांक 28.10.2026 को सुबह 11:00 बजे होनी थी, उसे माननीय सहकारिता मंत्री हरियाणा सरकार के साथ समीक्षा बैठक होने के कारण दिनांक 04.11.2026 को सुबह 11:00 बजे के लिए स्थगित किया जाता है।
हस्ता/-प्रबंध निदेशक

IFSCA
अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवाएं केंद्र प्राधिकरण
बिल्डिंग आईडी 12-बी, ब्लॉक-12, जोन-1, रोड-1 ए, गिफ्ट सिटी, गांधीनगर, गुजरात
फाइल सं. : 73/आईएफएससीए/परामर्शदाता/2020-21 26 अक्टूबर, 2026
रिक्ति अधिसूचना
अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवाएं केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए), आर्थिक मामलों का विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक वैधानिक एकीकृत नियामक निकाय गिफ्ट सिटी, गांधी नगर, गुजरात में निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है :
1. अनुबंध आधार पर युवा पेशेवर/परामर्शदाता, विज्ञा. दिनांक 09.10.2026
2. प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर कार्यकारी निदेशक, विज्ञा. दिनांक 19.10.2026
2. आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों से विस्तृत रिक्ति अधिसूचना/ओं तथा जारी किए गए शुद्धिपत्रों के लिए www.ifsca.gov.in/career देखने का आग्रह किया जाता है। डाक द्वारा अपेक्षित दस्तावेजों सहित आवेदन की प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि 16.11.2026 अप. 6.00 बजे तक है।
महाप्रबंधक
सीबीसी 15228/11/0003/2627 सामान्य प्रशासन विभाग

रेलवे के सम्बलपुर मंडल के कर्मचारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ

सम्बलपुर। पूर्व तट रेलवे के सम्बलपुर मंडल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2026 का शुभारंभ 26 अक्टूबर, 2026 को सम्बलपुर स्थित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर के प्रगति धारा में सत्यनिष्ठा शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन के साथ किया गया। सम्बलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, श्री सुबाष सी. चौधरी ने मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस शपथ का उद्देश्य सभी कार्यालयीन कार्यों में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, ईमानदारी एवं जवाबदेही



बनाए रखने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करना था। समारोह में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया तथा उच्चतम नैतिक मानकों का पालन करने, लोक सेवा में पारदर्शिता को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार की रोकथाम में योगदान देने की शपथ ली। सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2026 का आयोजन 26 अक्टूबर, से 1 नवंबर, 2026 तक किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा, नैतिक आचरण एवं जवाबदेही के महत्व के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है।

लिस्ट होते ही मार्केट कैप में नंबर 2 बन सकती है जियो

मुंबई। बुधवार को शेयर बाजार में उतरते ही जियो प्लेटफॉर्म्स देश की दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बन सकती है। ग्रे मार्केट के मौजूदा प्रीमियम के आधार पर जियो का मार्केट कैप करीब 12.61 लाख करोड़ रुपये पहुंच सकता है, जो भारती एयरटेल से लगभग 25,700 करोड़ रुपये ज्यादा होगा। इस तरह जियो मार्केट कैप के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद दूसरे स्थान पर काबिज हो सकती है। एयरटेल को पीछे छोड़ने के लिए जियो को करीब 1,342 रुपये या उससे अधिक के भाव पर लिस्ट होना होगा। जियो आईपीओ का इश्यू प्राइस 1,119 रुपये प्रति शेयर है। ग्रे मार्केट में इस पर करीब 245 से 255 रुपये तक के प्रीमियम के संकेत हैं। बीच का 250 रुपये प्रीमियम लेकर गणना करें तो संभावित लिस्टिंग प्राइस 1,369 रुपये बैठता है। मंगलवार को एनएसई पर भारती एयरटेल का आखिरी ट्रेडेड भाव 1,978.80 रुपये रहा। इस भाव पर कंपनी का मार्केट कैप करीब 12.35 लाख करोड़ रुपये बैठता है। ग्रे मार्केट के संकेत सही साबित हुए तो देश की सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। करीब 16.19 लाख करोड़ रुपये के मार्केट कैप के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले और जियो प्लेटफॉर्म्स



रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद मिल सकता है दूसरा स्थान

दूसरे स्थान पर होंगी। इसके बाद भारती एयरटेल 12.35 लाख करोड़ रुपये, एचडीएफसी बैंक 10.49 लाख करोड़ और आईसीआईसीआई बैंक 9.96 लाख करोड़ रुपये के साथ क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर होंगे। इस तरह टॉप-5 में रिलायंस समूह की दो कंपनियां शामिल हो सकती हैं। इस संभावित सूची में टेलीकॉम और डिजिटल सेवाओं से जुड़ी दो कंपनियां, निजी क्षेत्र के दो बैंक और विविध कारोबार वाली एक कंपनी होगी। यह देश के शेयर बाजार में इन क्षेत्रों की अहमियत की एक दिलचस्प तस्वीर पेश करेगी। इस संभावित बदलाव की एक और खास बात है। टाटा समूह की प्रमुख आईटी कंपनी टीसीएस, जो फिलहाल देश की पांच सबसे मूल्यवान लिस्टेड कंपनियों में शामिल है, छठे स्थान पर खिसक सकती है। मंगलवार के शेयर भाव पर टीसीएस का मार्केट कैप करीब 9.03 लाख करोड़ रुपये बैठता है।

कोल इंडिया का पूंजीगत व्यय 27 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में पूंजीगत व्यय 27 प्रतिशत बढ़कर 7,966 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 6,283 करोड़ रुपये था। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि पूंजीगत व्यय बढ़ने की वजह खदानों का आधुनिकीकरण, उत्पादन क्षमता का विस्तार और देश की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयले की निकासी से जुड़े बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रयास हैं। इस अवधि में व्यय 7,286 करोड़ रुपये के लक्ष्य से भी अधिक रहा। कंपनी ने पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के लिए निर्धारित खर्च का 109 प्रतिशत हासिल किया।

हरियाणा सरकार **निविदा सूचना**

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका महम	एम.सी. महम में मेन रोड से जोहड़/सुभाष पार्क कॉर्नर वार्ड नं. 05/06 तक आईपीबी गली और ड्रेन का निर्माण।	24.10.2026 31.10.2026	डीएनआईटी के अनुरूप	https://etenders.hry.nic.in	9992861958 sandeep.rathee@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50542/1/88/6 दि. 27.10.26

उत्तर रेलवे
ई-निविदा
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

क. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (Rs.)	अग्रिम राशि (Rs.)	कार्य समाप्ति का समय
01.	जगाधरी वर्कशॉप के स्टोर डिपो के अंदर शेड का निर्माण। भाग (i) जगाधरी वर्कशॉप के स्टोर डिपो में सामान रखने के लिए 25x65x6.10 मीटर आकार केओपन शेड का निर्माण। भाग (ii) जगाधरी वर्कशॉप के स्टोर डिपो के स्क्रैप यार्ड में 60x15x6 मीटर आकार के ओपन शेड का निर्माण।	7,24,00,016	14,48,000	12 महीने
02.	लुधियाना-धुरी-जाखल-टीआरआर (पी)-68.641 किमी के संबंध में सहायक मंडल अभियंता/पटियाला के खंड में टीआरआर और अन्य विविध कार्य।	1,41,96,897	2,83,900	06 महीने
03.	(01) वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/प्रथम/अंबाला के सेक्शन में ठेकेदार की अपनी SQRS मशीन के साथ 20.327 किमी CTR(P) और 16.221 Tkm TSR, तथा (02) वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/तृतीय/अंबाला के सेक्शन में ठेकेदार की अपनी SQRS मशीन के साथ 12.799 किमी TSR(P)।	8,06,34,732	16,12,700	12 महीने
04.	(1) सहायक मंडल इंजीनियर/पटियाला के अंतर्गत RPJ-DUI, LDH-DUI और DUI-HSR सेक्शन पर LHS (लेवल क्रॉसिंग सबवे) में संप वेल (ump well), रिवार्ज पिट, रिटेनिंग वॉल की मरम्मत,पॉइंटिंग, पेंटिंग, गाद निकालना/सफाई और अन्य विविध कार्य। (ii) विभिन्न स्टेशनों पर FOB (फुट ओवर ब्रिज) की मरम्मत और पेंटिंग, तथा BTI-DUI सेक्शन पर ROB (रोड ओवर ब्रिज) की क्षतिग्रस्त प्रोटेक्शन स्क्रीन की मरम्मत। (iii) BTI-SGNR सेक्शन पर विभिन्न LHS और छोटे पुलों की मरम्मत और रखरखाव।	60,10,602	1,20,200	06 महीने

क्रम संख्या 1 से 4 के लिए निविदा खुलने की तिथि 18.11.2026
नोटः
1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड
2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट बैंक गारंटी बांड अनुबंध IV के द्वारा ही स्वीकार्य होगें।
3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।
4. ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-iii) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा।
5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी
खुली निविदा संख्या 33 अम्बाला/2026-27 दिनांक 26.10.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3730/2026

माइक्रोसॉफ्ट की कर्मियों को 'स्वैच्छिक' नौकरी छोड़ने की पेशकश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने भारत, अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा में पात्र कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक रूप से नौकरी छोड़ने की योजना पेश की। इसके तहत कंपनी छोड़ने का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को वित्तीय सहायता और करियर संबंधी मार्गदर्शन दिया जाएगा। माइक्रोसॉफ्ट की कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य मानव संसाधन अधिकारी एमी कोलमैन ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि यह योजना चारों देशों में चुनिंदा टीमों के उन कर्मचारियों के लिए उपलब्ध होगी, जिनका आंतरिक नौकरी ग्रेड 70 या उससे नीचे है। कंपनी में वैश्विक स्तर पर करीब 60,000 कर्मचारी ''स्वैच्छिक निकासी पेशकश'' (वीईओ) के पात्र हैं।

भारत में है 23,000 कर्मचारी

भारत में माइक्रोसॉफ्ट के लगभग 23,000 कर्मचारी हैं लेकिन तत्काल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि देश में योजना के लिए पात्र कर्मचारियों की संख्या कितनी है। सूत्रों के मुताबिक, भारत में पात्र कर्मचारियों को इस प्रस्ताव पर फैसला करने के लिए एक दिसंबर तक का समय मिलेगा।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष
दुआ भी तकदीर बदल देती है तांत्रिक मास्टर किंग का एलान भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
2 घंटे में समाधान

प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

शब्द पहेली - 6391



■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

बाएँ से दाए-
1. हाईकमान-5
4. बुशर्ट, शर्ट-3
6. लाख, गोंद-2
7. प्रतिज्ञा-3
8. मां का भाई-2
10. धनवान, रईस-3
11. मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14. जिज्ञासा, उत्साह-3
16. अनगिनत-4
17. वर्ष, बरस-2
18. लय, स्वर-2
19. गदर, बलवा-4
21. ईर्ष्या-3
22. गरुर, घमंड-4
24. राजा, सम्राट-3
25. पानी से सराबोर-2
27. व्यर्थ, फिजूल-3
28. चतुर्थ, चौथा-2
29. बहने का भाव-3
30. मन मोहने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. आरामदायी-5
2. एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3. सेवा शुल्क-4
4. अभिव्यक्ति-3
5. बचत, जोड़-2
7. वहम-2
9. स्वामी-3
12. प्रवेश-3
13. धरोहर, थाती-4
15. तरंग, हिलोर-3
16. निरंकुश, मुंहजोर-4
17. किनारा, तट
18. कामधेनू, सुगंध-3
20. नुकसानदेह-5
21. दुनिया, जग-3
22. कहासुनी-4
23. चयन-3
24. चट्टान, शिला (अंग्रेजी-2)
26. ईश्वर, भगवान-2
28. प्रेम, लगन-2

शब्द पहेली -6390 का हल

	बं	दा	न	वा	ज		आ	स	मा	न
न	दी		र		ल	बा	दा		र	जा
व		ज	म	ज	म		ब	री		क
जी	म	ना			ह	ठ		ता	क	त
व		चा		जे	ल		पे		ता	
न	ग	र	से	ठ		फ	ट	का	र	ना
	री		ना		स	ना		रो		म
सु	ब	ह		दा	म			बा	री	क
र		क	श		झ	न	का	र		र
ता	प		प	र	दा		म		क	ण
ल	थ	प	थ		र	च	ना	का	र	



खबर संक्षेप

बिहार में 4.95 लाख के जाली नोट के साथ धरे

मोतिहारी। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में पुलिस ने 4.95 लाख रुपये मूल्य के जाली भारतीय नोट के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी की पहचान बंजरिया थाना क्षेत्र के जनरवा गांव निवासी शेख ऐनुल के रूप में हुई है। इसमें कहा गया है कि ऐनुल को सोमवार शाम सेमरा रेलवे स्टेशन के पास वाहनों की जांच के दौरान पकड़ा गया। तुर्कौलिया थाना पुलिस को गोपनीय सूचना मिली थी कि कुछ लोग बाजार में जाली नोट उतारने की कोशिश कर रहे हैं।

कैदियों के भागने को लेकर टीवीके पर हमला

चेन्नई। पुझल और थेनी जेलों से एक के बाद एक कैदियों के भागने की घटनाओं के बाद, द्रमुक अध्यक्ष एम. के. स्टालिन ने मंगलवार को कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के नेतृत्व वाली सरकार पर तीखा हमला बोला। इस दौरान उन्होंने मशहूर अमेरिकी सीरीज 'ब्रेकिंग बैड' और 'प्रिजन ब्रेक' का जिक्र किया। थेनी उप कारागार से 17 विचाराधीन कैदियों के भाग जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए, उन्होंने कहा कि यह सरकार किसी मतलब की नहीं है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि 'ब्रेकिंग बैड' के बाद, अब तमिलनाडु में 'प्रिजन ब्रेक' शुरू हो गया है।

दिल्ली में 185 दोपहिया वाहन बरामद, 44 पकड़े

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने 'ऑपरेशन चक्र2.0' के तहत 72 घंटे में चोरी के 185 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं और इस संबंध में 44 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) हरेश्वर वी. स्वामी ने बताया कि 21 से 24 अक्टूबर तक चले अभियान के दौरान बरामद किए गए 185 वाहनों में से 91 पश्चिम जिले से चोरी हुए थे, जबकि बाकी वाहन अन्य जिलों में दर्ज मामलों से जुड़े हैं।

पंजाब विधानसभा सत्र के अंतिम दिन हंगामा

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा सत्र के आखिरी दिन मंगलवार को भारी हंगामा और शोरगुल देखने को मिला क्योंकि कांग्रेस विधायकों ने सदन में प्रवेश से रोके जाने का आरोप लगाते हुए विधानसभा के बाहर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामे के बीच इस दौरान सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के विधायकों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा ने दावा किया कि कांग्रेस विधायकों को सदन में प्रवेश करने से रोका गया। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से पूछा, "क्या आप सदन को इसी तरह चलाना चाहते हैं?"

कांगड़ा में चिट्टा तस्करी में 1.01 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

कांगड़ा। हिमाचल प्रदेश में चिट्टा तस्करी के खिलाफ नूरपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने



इंदौरा के छन्नी गांव में 1 करोड़ 1 लाख 55 हजार 718 रुपए मूल्य की संपत्तियों को फ्रीज करने संबंधी आदेश का बोर्ड लगाया है। यह कार्रवाई पुलिस थाना इंदौरा में वर्ष 2017 में दर्ज चिट्टा तस्करी के मामले में की गई है।

मोइत्रा ने हाई कोर्ट से कहा, 'हटा दूंगी पोस्ट'

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि वे भाजपा सांसद



निशिकांत दुबे पर की गई विवादित टिप्पणी सोशल मीडिया से हटा देंगी। महुआ के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का केस किया किया है। पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग के खिलाफ भी केस किया है।

कुर्सियां तोड़ीं पुलिस से की धक्का-मुक्की

प्रयागराज में टीजीटी-पीजीटी भर्ती को लेकर धरना दे रहे छात्रों ने किया हंगामा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज स्थित शिक्षा निदेशालय परिसर में मंगलवार को प्रतियोगी छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। टीजीटी-पीजीटी भर्ती में पुरानी नियमावली बहाल करने और प्रभावित अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने का एक अवसर दिए जाने की मांग को लेकर दो दिनों से जारी धरना अचानक उग्र आंदोलन में बदल गया। सोमवार दोपहर तीन बजे शिक्षा निदेशालय के मुख्य गेट पर डटे सैकड़ों अभ्यर्थियों ने मंगलवार को प्रशासनिक सुरक्षा घेरे को दरकिनार करते हुए जमकर हंगामा किया। छात्रों को रोकने के लिए मजबूत बैरिकेडिंग को प्रदर्शनकारियों ने बलपूर्वक तोड़ दिया।

- **बैरिकेडिंग तोड़कर शिक्षा निदेशालय में घुसे प्रदर्शनकारी**
- **दो दिनों से जारी धरना अचानक उग्र आंदोलन में बदला**



टीजीटी अभ्यर्थियों की ये है मांग

टीजीटी-पीजीटी भर्ती में पुरानी नियमावली बहाल करने और प्रभावित अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने का एक अवसर दिए जाने की मांग को लेकर दो दिनों से जारी धरना अचानक उग्र आंदोलन में बदल गया।

अभ्यर्थियों के आरोप

अभ्यर्थियों का साफ तौर पर आरोप है कि पात्रता मानदंडों और नियमों में किए गए बदलावों के कारण लाखों योग्य अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है। लंबे अनशन और धरने के बाद केवल मौखिक आश्वासन दिया गया जबकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक शासनादेश जारी नहीं हुआ। इसी अनदेखी से आक्रोशित छात्रों ने सभी कार्यालयों में तालाबंदी करने और मांगें न माने जाने पर लखनऊ तक पैदल मार्च करने की चेतावनी दी है। मौके पर बढ़ते तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

पिता ने दामाद पर लगाया था हत्या का आरोप

होटल में खड़े-खड़े गिरी बैंक मैनेजर की पत्नी, मौत

झांसी। यूपी के झांसी के एक होटल में बैंक मैनेजर की पत्नी खड़े-खड़े गिरी और उसका सिर फट गया। चंद पलों में उसकी मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। उधर, महिला के पिता ने दामाद पर हत्या का आरोप लगाया था। पोस्टमार्टम में उसकी मौत का कारण हार्ट अटैक निकला है। वहीं, परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। प्रेमनगर के नैनागढ़ में रहने वाले रामजीलाल सिमौलिया की बेटी 27 वर्षीया बेटी मुस्कान की शादी करीब 3 महीने पहले 29 जून को मप्र के विदिशा में रहने वाले नीलेश से हुई थी। रामजीलाल के मुताबिक मुस्कान की 28 अक्टूबर को जेई की परीक्षा थी। उसे 10 अक्टूबर को घर ले आए थे। सोचा था कि मुस्कान एग्जाम भी दे देगी और कुछ दिन मायके में भी रह लेगी। उन्होंने बताया कि 23 अक्टूबर की रात नीलेश आया और अगले दिन झूठ बोलकर ले गया कि मौसी के यहां जा रहा हूं। रविवार को नीलेश का फोन आया कि आप रुद्र होटल आ जाइए। रामजीलाल ने बताया कि यहां कोई रुद्र होटल ही नहीं है। ढूंढा तो पता चला कि ऋषभ होटल है, जब पहुंचे तो पता चला कि दामाद बेटी को मौसी के यहां नहीं, होटल में लाया था।

- **पोस्टमार्टम में खुलासा हार्ट अटैक से गई जान**



पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा, कुछ को हिरासत में लिया

पंजाब में नशे की ओवरडोज से युवक की मौत, परिजन भड़के

एजेंसी ▶▶ मानसा (पंजाब)

नशा एक्टिविस्ट झोटा के इंसाफ धरने में दलजीत के शव को ले जा रहे थे परिजन रास्ते में पुलिस ने रोका, टकराव के बीच पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया

मानसा में युवक की हत्या के बाद बवाल हो गया। इससे परिजन और ग्रामीण भड़क गए। वह शव को मानसा के त्रिकोणी चौक में एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर झोटा को इंसाफ दिलाने के लिए चल रहे धरने में लेकर जा रहे थे। इस बीच पुलिस ने उन्हें रास्ते में गाड़ियां और ट्रक खड़े कर रोक लिया। इस पर पुलिस और लोगों के बीच झड़प हुई। टकराव के बीच पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ दिया। कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में भी लिया गया है। माहौल तनावपूर्ण है। वहीं, मानसा के एसएसपी वैभव चौधरी ने बताया कि युवक की हत्या हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और एक व्यक्ति को राउंडअप किया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। राउंडअप किए गए व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है। जल्द सुलझा लिया जाएगा। परिजनों ने बताया कि दलजीत सिंह शादीशुदा था और उसके 2 बच्चे हैं। वह परिवार में अकेला कमाने वाला था।

- **गांव भम्मे कलां में एक युवक की हत्या हुई थी**
- **पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया**



मानसा से नशा खरीदने गया था दलजीत, खेतों में मिला था शव

गांव भम्मे कलां में मंगलवार को 35 वर्षीय युवक दलजीत सिंह का शव मिला। परिजनों का आरोप है कि युवक की मौत नशे की ओवरडोज से हुई है। परिवार ने नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दलजीत पिछले कुछ समय से नशे का आदी हो गया था। मंगलवार सुबह वह मानसा गया था। वहां से नशा खरीदकर लाने के बाद उसका शव रमानंदी के पास खेतों में मिला। इसके बाद परिवार और गांव के लोगों ने शव को सरसा-मानसा रोड सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मृतक की पत्नी परमजीत कौर और मां चंद्र कौर ने नशा बेचने वालों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की।

माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही थी: पुलिस



मानसा के एसएसपी वैभव चौधरी ने बताया कि गांव भम्मे कलां में एक युवक की हत्या हुई थी। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा माहौल खराब करने की कोशिश की गई थी, जिसके चलते पुलिस ने कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर दूसरे स्थान पर भेज दिया है।



पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में होगा खुलासा

सरदूलगढ़ के डीएसपी हरप्रीत सिंह ने बताया कि युवक की मौत के सही कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

अमृतसर में सरपंच के बेटे की गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

अमृतसर में सोमवार रात आम आदमी पार्टी (आप) सरपंच के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गुरुद्वारे में माथा टेककर लौटते समय हमलावरों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। नेता के भाई पर 7 से 8 गोलियां चलाई गईं। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हुआ था।

मौके पर मौजूद लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत लाया घोषित कर दिया। मामले की जांच करने पहुंच पुलिस ने वारदात को पुरानी रंजिश बताया है। पुलिस ने परिजन के बयानों के आधार पर चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। हालांकि, अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई। जांच अधिकारी का कहना है कि वारदात के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। जानकारी के मुताबिक, यह वारदात अमृतसर में चाटीविंड थाने के अंतर्गत आने वाले गांव चीते कलां में हुई। मृतक की पहचान तीरथ सिंह के रूप में हुई है। वह मौजूदा आप सरपंच का बेटा था।



गुरूद्वारे से माथा टेककर बाहर निकलते वक्त मारी गोलियां

लुधियाना: गुरुद्वारे के गेट पर फायरिंग नकाबपोश हमलावर ने चलाईं गोलियां



गुरुद्वारा प्रमुख के लिए धमकी भरी चिट्ठी फेंकी

लुधियाना। लुधियाना में गुरुद्वारा साहिब भगत धन्ना जी के गेट पर एक बदमाश ने गोलियां चलाईं। इस दौरान 2 राउंड फायर किए गए। बदमाश ने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। फायरिंग करने के बाद उसने गेट पर धमकी भरी चिट्ठी फेंकी। इसका वीडियो भी सामने आया है। युवक द्वारा फेंकी गई चिट्ठी में गुरुद्वारा साहिब के मुखी बाबा अमरजीत सिंह और अकाली दल बादल के वर्कर गुरिंदर सिंह रूमी को जान से मारने की धमकी दी गई है। वारदात के अगले दिन मंगलवार को डीएसपी, डिवीजन एसएचओ सदर जगराओं और सीआईए की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया।

चार राज्यों की 28 एमएलसी सीटों पर काउंटिंग :16 पर एनडीए आगे

उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक की 28 एमएलसी सीटों पर मंगलवार सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हुई थी। देर शाम तक भाजपा और उसके साथी दल (जदयू, शिंदे सेना, अजित पवार की एनसीपी, जेडीएस) मिलाकर करीब 16 सीटों पर आगे हैं, समाजवादी पार्टी 3 सीटों पर आगे है और जन सुराज 1 सीट पर। 4 सीटों पर निर्दलीय आगे चल रहे हैं और 4 सीटों पर अभी कोई रुझान नहीं आया है। उत्तर प्रदेश की 11 में से भाजपा 6, सपा 3 और निर्दलीय 1 पर आगे है, और 1 सीट का रुझान नहीं आया। बिहार की 8 में से भाजपा 4, जदयू 1, जन सुराज 1 और निर्दलीय 2 पर आगे हैं। महाराष्ट्र की 5 में से सत्ताधारी गठबंधन 3 पर और निर्दलीय 1 पर आगे है, जबकि 1 सीट का रुझान नहीं आया। कर्नाटक की 4 में से भाजपा और जेडीएस 1-1 सीट पर आगे हैं, बाकी 2 का रुझान नहीं आया। पटना में जदयू के नीरज कुमार और जनसुराज के अनुज सिंह के बीच मुकाबले पर नजर है। मोकामा विधायक अनंत सिंह जनसुराज प्रत्याशी का समर्थन कर रहे हैं। उनके आवास पर नतीजों से पहले एक लाख गुलाब जामुन बनाए गए हैं। जनसुराज प्रत्याशी के समर्थन के चलते जदयू ने 24 अक्टूबर को अनंत सिंह को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया था। चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद की आगरा मंडल शिक्षक निर्वाचन सीट के चुनाव में गंभीर लापरवाही के मामले में 6 अधिकारियों को तत्काल सस्पेंड करने का आदेश दिया है।

- **यूपी की 11 सीटों में से भाजपा 6 पर भाजपा आगे**

उप्रः एटा में मुठभेड़ में इनामी अपराधी ढेर, एक साथी फरार



फायरिंग के दौरान वीरेंद्र के सीने में गोली लगी, मुठभेड़ में पुलिसकर्मी भी घायल

एटा (भाषा)। उत्तर प्रदेश के एटा जिले में मंगलवार शाम पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक इनामी अपराधी ढेर हो गया जबकि उसका एक साथी फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में एक कांस्टेबल भी घायल हुआ है। मृतक अपराधी की पहचान वीरेंद्र (43) के रूप में हुई है और उसका नाम हाल ही में जौहरी से लूट के मामले में सामने आया था। वीरेंद्र के खिलाफ 53 मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक, अपराधी का एक साथी मौके से फरार होने में सफल रहा और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं। 22 अक्टूबर को तीन बदमाश अलीगंज थाना क्षेत्र (एटा जिले में) पहुंचे और जौहरी से सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। पुलिस ने सीसीटीवी जांच की और खुफिया जानकारी के आधार पर संदिग्धों में से एक की पहचान वीरेंद्र के रूप में की, जो मैनपुरी के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरचंदपुर का रहने वाला है। मंगलवार शाम करीब छह बजे सुन्ना नहर के पास पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई।

व्यापारियों का राहुल गांधी को 4 दिन में दूसरा लेटर, एक नवंबर की रैली टालने की फिर मांग

- **रामलीला मैदान से पुरानी दिल्ली तक 1 लाख दुकानें**



नई दिल्ली। इंडिया ब्लॉक की दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को होने वाली रैली टालने की मांग फिर उठी है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने चार दिन में दूसरी बार राहुल गांधी को पत्र लिखकर दिवाली के बाद 10 नवंबर को रैली कराने की अपील की है। सीटीआई अध्यक्ष बृजेश गोयल ने राहुल गांधी को लिखे पत्र में कहा कि इसमें 15-20 हजार गाड़ियां और 10 लाख लोगों के पहुंचने का अनुमान है। रैली से जाम और पाबंदियों के कारण दिवाली का कारोबार प्रभावित होगा। करीब 10 हजार करोड़ के नुकसान की आशंका है। इंडिया ब्लॉक की एसआईआर और ज्ञानेश कुमार के विरोध में यह रैली है। राहुल ने सोमवार को इस रैली को टालने से इनकार कर दिया था। उन्होंने एक्स पर लिखा था कि दिल्ली के हर व्यापारी की बात सुन रहे हैं। मोदी जी से कहिए ज्ञानेश कुमार को हटा दें। 30 सेकेंड में आंदोलन रुक जाएगा। व्यापारियों का दावा है कि सिर्फ दिल्ली के चांदनी चौक में 75,000 से ज्यादा दुकानें हैं। सदर बाजार में दुकानों की संख्या 15,000 से 40,000 के बीच है, और यहां 50,000 से 70,000 लोग आते हैं। चावडी बाजार के कागज के कारोबार में 1,000 से ज्यादा व्यापारी हैं। सब मिलाकर रामलीला मैदान के आसपास के पुरानी दिल्ली के बाजारों में एक लाख से ज्यादा दुकानें हो सकती हैं।

कल से पतंजलि विवि में सजेगा भारतीय ज्ञान परंपरा का महाकुंभ



एजेंसी ▶▶ हरिद्वार

हिंदू धर्म के चिंतन, सनातन मूल्यों और ज्ञान परंपरा का महाअनुष्ठान है अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन : स्वामी रामदेव

भारतीय ज्ञान परंपरा, सनातन मूल्यों और हिंदू दर्शन की वैश्विक प्रासंगिकता को नई दिशा देने के उद्देश्य को लेकर आयोजित होने जा रहे 52वें अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन की तैयारियां अंतिम दौर में है। सम्मेलन 29 से 31 अक्टूबर तक पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार में आयोजित किया जाएगा। इसमें देश-विदेश के विद्वान प्राच्यविद्या, भारतीय दर्शन, संस्कृति, इतिहास, संस्कृत और भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों पर विचार-विमर्श करेंगे।योगगुरु स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने मंगलवार को पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में होने जा रहे दिव्य और भव्य अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन के महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा की। स्वामी रामदेव ने कहा कि अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन केवल एक अकादमिक सम्मेलन नहीं, बल्कि सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और प्राच्य ज्ञान परंपरा के चिंतन, संरक्षण एवं प्रसार का एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। उन्होंने कहा कि वेद, दर्शन, संस्कृत, आध्यात्मिक चिंतन और नैतिक मूल्यों से समृद्ध भारतीय ज्ञान परंपरा आज के वैश्विक समाज को भी दिशा देने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन की समत्वबुद्धि, धर्म, कर्तव्य और मानव कल्याण की अवधारणाएं सार्वकालिक हैं।

राजीव को पीएम बनने को कहा गया, मैं विरोध में थी: सोनिया

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने मंगलवार को अपने पति एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी से जुड़े एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जब राजीव को प्रधानमंत्री बनने के लिए कहा गया था, तो वह पूरी तरह इसके विरोध में थीं। उन्होंने 10 नवंबर को प्रकाशित होने वाली अपनी पुस्तक 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' का उल्लेख करते हुए यह भी कहा कि उनके बारे में दशकों से दूसरे लोग कहानी बताते आए हैं और अब अपनी कहानी कहने की उनकी बारी है तथा किताब सामने आने पर कुछ "तमाशा" होना तय है।

सोनिया गांधी ने 'एक्स' पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने अपने जीवन और सार्वजनिक जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर बात की है। वीडियो में राजीव गांधी का जिक्र करते हुए सोनिया ने कहा, "जब मेरे पति से प्रधानमंत्री बनने के लिए कहा गया था, मैं इसके पूरी तरह विरोध में थी...।" हालांकि, उन्होंने वीडियो में इस प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश नहीं डाला। वीडियो में एक जगह वह कहती हैं, "मुझे नहीं पता कि मुझे पूरी कहानी बतानी चाहिए या नहीं।' राजीव गांधी पहली बार 31 अक्टूबर, 1984 को भारत के प्रधानमंत्री बने। उनकी माता और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उन्होंने यह पद संभाला।



कांग्रेस नेता ने अपनी पुस्तक 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' में किया उल्लेख

प्रधानमंत्री ने साइंस कॉन्क्लेव को किया संबोधित, बोले-आत्मनिर्भर बनना हमारा लक्ष्य

भारत में इनोवेशन की परंपरा रही : मोदी

बोले- शून्य की खोज की, नंबर सिस्टम बनाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हमें आज जो सफलताएं मिल रही हैं, वे पहले कभी नहीं मिलीं। 'विकसित भारत' की नींव वैज्ञानिक अनुसंधान पर टिकी होगी। भारत एक नई सोच और नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारा लक्ष्य नई तकनीकें विकसित करना है। हमारा लक्ष्य महत्वपूर्ण तकनीकों के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का विस्तार करना है।

भारत का लक्ष्य आत्मनिर्भर बनना है। ये बातें पीएम मोदी ने मंगलवार को दिल्ली के भारत मंडपम में इमर्जिंग साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव (इएसटीआईसी 2026) के उद्घाटन में कहीं। इएसटीआईसी साइंस-इनोवेशन से जुड़ा एक राष्ट्रीय सम्मेलन है। यह 27-28 अक्टूबर तक चलेगा, इसमें 12 सेक्टरों पर चर्चा की जाएगी। तीन नोबेल विजेता इसके स्पीकर होंगे। पीएम मोदी ने कहा कि भारत में इनोवेशन की परंपरा रही है। शून्य की खोज और नंबर सिस्टम का विकास भारत की वैज्ञानिक विरासत के उदाहरण हैं। अब इसी विरासत के दम पर नई तकनीकें विकसित करनी हैं। 'एआई कई नियमित काम कर सकता है, लेकिन इससे वैज्ञानिक सोच और सवाल पूछने की प्रवृत्ति कमजोर नहीं होनी चाहिए।



भारत में बने शिपमेंट अब दुनिया में पहुंच रहे

मोदी ने कहा कि इसी साल भारत ने एआई इंपैक्ट समिट होस्ट की और अपना भी लॉट तैयार किया। भारत में तैयार शिपमेंट अब दुनिया में पहुंच रहे हैं। न्यूक्लियर से स्पेस और एआई से सेमीकंडक्टर तक इन सबकी जरूरतें अलग हैं। लेकिन लक्ष्य एक है। भारत का एक और लक्ष्य है- सॉल्यूशन एट स्केल, यानी हमारे यहां ढूंढे गए सॉल्यूशन से दुनिया को फायदा होता है।

चिंतन

सिर्फ हंगामे की बजाय ठोस प्रमाण दे विपक्ष



मुद्दा
प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल

लोकतंत्र में विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन हर विरोध को विश्वसनीय बनाने के लिए तथ्यों और प्रमाणों की कसौटी पर खरा उतरना भी जरूरी है। चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाना जितना आसान है, उतना ही महत्वपूर्ण उन सवालों के पीछे ठोस आधार प्रस्तुत करना है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष जिस तरह चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहा है, उसमें राजनीतिक आरोपों से आगे बढ़कर प्रमाणों के साथ अपना पक्ष रखने की जरूरत है। चुनावी सुधारों को संदेह के घेरे में खड़ा करना और पूरी व्यवस्था की निष्पक्षता पर सवाल उठाना गंभीर विषय है। यदि कहीं अनियमितता हुई है तो उसे तथ्यों के साथ उजागर किया जाना चाहिए, लेकिन आशंकाओं को ही आरोप और आरोपों को ही सच मान लेना लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करता है। सुप्रीम कोर्ट में जारी सुनवाई ने विपक्ष को अपने दावों की पुष्टि करने का अवसर दिया है। अब उसे सिर्फ हंगामे या शोर से नहीं, बल्कि ठोस प्रमाणों से अपनी बात साबित करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं की याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ताओं को चुनाव आयोग के हलफनामे का जवाब देने के लिए 10 दिन का समय दिया। अगली सुनवाई 17 नवंबर को निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि आयोग ने एक दिन पहले ही अपना जवाब दाखिल किया है, इसलिए उसका अध्ययन करने के लिए समय चाहिए। इस पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, 'हमें सब पता है। हम जांच करेंगे।' इस टिप्पणी से स्पष्ट है कि अदालत मामले को गंभीरता से सुन रही है। चुनाव आयोग ने अपने हलफनामे में एसआईआर से जुड़े फैसलों को तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिया गया बताया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के हस्ताक्षर वाले हलफनामे में आयोग ने यह भी कहा कि फाइलों पर दर्ज सवाल, सुझाव या आपत्तियां अपने आप में अंतिम निर्णय के विरोध का प्रमाण नहीं हैं। आयोग के मुताबिक, एसआईआर के फॉर्म-6 में उसने कोई बदलाव नहीं किया है और नियमों के अनुसार उसमें संशोधन का अधिकार केंद्र सरकार के पास है। आयोग ने मतदाताओं की सुविधा और प्रक्रिया की निष्पक्षता से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण भी दिए हैं। जिन मतदाताओं के नाम का पुरानी मतदाता सूची से मिलान नहीं हो पाया है, उनके जरूरी दस्तावेज बीएलओ घर जाकर जुटा सकेंगे और ऑनलाइन अपलोड करेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने के संबंध में आयोग ने संवैधानिक प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश को हटाने जैसी प्रक्रिया और आधार लागू होते हैं। दूसरी ओर, विपक्ष को भी यह बताना होगा कि उसकी आपत्तियां किन तथ्यों पर आधारित हैं, कहां नियमों का उल्लंघन हुआ है और किन मतदाताओं के अधिकार प्रभावित हुए हैं। केवल आशंका जताने या राजनीतिक आरोप लगाने से किसी दावे की पुष्टि नहीं होती। कुल मिलाकर मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की आवश्यकता है, लेकिन इस प्रक्रिया में किसी पात्र नागरिक का मताधिकार प्रभावित नहीं होना चाहिए। विपक्ष को समझना होगा कि केवल हंगामा करने से संदेह प्रमाण में नहीं बदलते। यदि अनियमितता हुई है तो उसके ठोस प्रमाण दें। सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर अनावश्यक चोट करने से बचें।

एआई आधारित साइबर अपराध की चुनौती

> शेयर बाजार की स्क्रीन पर हरा रंग...! उम्मीद जगाता है...! पर उसी स्क्रीन के पीछे एक अदृश्य युद्ध भी चल रहा है। यह युद्ध टैंकों का नहीं। मिसाइलों का भी नहीं। यह तो एल्गोरिदम का युद्ध है। कृत्रिम मेंधा ने जहां बाजार को तेज किया है, पारदर्शिता लाया है और समावेशी बनाया है। वहीं, इसी एआई ने साइबर अपराध को एक स्वचालित, बुद्धिमान और अजेय-सा हथियार भी दे दिया है। यही कारण है कि आज एआई आधारित साइबर अपराध, बैंक खाते की चोरी से कहीं आगे निकल कर, भारत के पूंजी बाजार की स्थिरता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। पूंजी बाजार के लिए अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है। बैंक में सेंध लगती है, तो एक ग्राहक प्रभावित होता है।

शेयर बाजार की स्क्रीन पर हरा रंग...! उम्मीद जगाता है...! पर उसी स्क्रीन के पीछे एक अदृश्य युद्ध भी चल रहा है। यह युद्ध टैंकों का नहीं। मिसाइलों का भी नहीं। यह तो एल्गोरिदम का युद्ध है। कृत्रिम मेंधा ने जहां बाजार को तेज किया है, पारदर्शिता लाया है और समावेशी बनाया है। वहीं, इसी एआई ने साइबर अपराध को एक स्वचालित, बुद्धिमान और अजेय-सा हथियार भी दे दिया है। यही कारण है कि आज एआई आधारित साइबर अपराध, बैंक खाते की चोरी से कहीं आगे निकल कर, भारत के पूंजी बाजार की स्थिरता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। पूंजी बाजार के लिए अस्तित्व का खतरा मंडरा रहा है। बैंक में सेंध लगती है, तो एक ग्राहक प्रभावित होता है।

बाजार में सेंध लगती है, तो 11 करोड़ डीमैट खाताधारकों का भरोसा डगमगा जाता है। एआई अपराध की यही मारक क्षमता इसे सबसे बड़ा खतरा बनाती है। कैसे करता है वार? पहला, डीपफेक मैनिपुलेशन। मान लीजिए किसी दिग्गज कंपनी के सीईओ का डीपफेक वीडियो बनाकर यह फैला दिया जाए कि कंपनी के नतीजे खराब हैं। वह दिवालिया होने वाली है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल होते ही पैनिक सेलिंग शुरू हो जाएगी। निवेशक मिनटों में हजारों करोड़ गंवा देंगे। यह अब कल्पना नहीं...! 2024 में अमेरिकी बाजार में एक बड़ी कंपनी के साथ ऐसा प्रयास हो चुका है। दूसरा, हाइपर-पर्सनलाइज्ड फिशिंग। पहले फर्जी ईमेल की भाषा टूटी-फूटी होती थी। अब एआई आपके ट्रेडिंग व्यवहार, आपके ब्रोकर का नाम, आपके पोर्टफोलियो का विश्लेषण कर आपके ही ब्रोकर की भाषा में ईमेल बनाता है - 'आपका ट्रेडिंग अकाउंट वेरिफिकेशन के लिए रोका गया है। तुरंत इस लिंक पर केवाईसी करें।' एक क्लिक और आपका पासवर्ड, ओटीपी सब हैकर के पास। तीसरा, एल्गो-स्पूफिंग। एआई बॉट्स एक सेकंड में हजारों नकली खरीद-बिक्री के ऑर्डर लगाकर किसी शेयर की कीमत को कृत्रिम रूप से ऊपर-नीचे करते हैं। आपके स्टॉप-लॉस को ट्रिगर कराते हैं। आपको बाजार से बाहर कर अपना मुनाफा कमा लेते हैं। यह माइक्रो-सेकंड का लूटतंत्र है। इसे ही इंसानी आंख पकड़ ही नहीं सकती। यही वजह है कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि पूंजी बाजार अब केवल 'मार्केट रिस्क' से नहीं, 'साइबर सिस्टमिक रिस्क' से भी जूझ रहा है। एनएसई की अति सराहनीय पहल है। एएनएमआई के साथ मिलकर विशेष कार्यबल का आह्वान इस चुनौती की गंभीरता को समझते हुए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने रक्षात्मक से आगे बढ़कर आक्रामक सुरक्षा की रणनीति अपनाई है। एनएसई के प्रमुख ने हाल ही में एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंज मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) के सदस्यों के साथ बैठक में एक अत्यंत महत्वपूर्ण आह्वान किया है -'साइबर सुरक्षा पर एक विशेष संयुक्त कार्यबल का गठन।' इस कार्यबल का उद्देश्य क्या होगा? केवल दिशा-निर्देश जारी करना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर ब्रोकर हाउस की साइबर सुरक्षा को मजबूत करना। एक्सचेंज अकेले सुरक्षित नहीं हो सकता, जब तक उसका हर सदस्य, हर टर्मिनल सुरक्षित न हो। एनएसई प्रमुख का स्पष्ट संदेश था - 'एक्सचेंज की सुरक्षा उतनी ही मजबूत है, जितना उसका सबसे कमजोर ब्रोकर।'



इसलिए अब एक्सचेंज और ब्रोकर एक ही टीम के रूप में इस खतरे से लड़ेंगे। यह एक स्वागतयोग्य बदलाव है।यहां नियामक केवल दंड नहीं, बल्कि साझेदारी की बात कर रहा है। एक से तीन वर्ष का रोडमैप करने की काबिलेतारीफ पहल। हर सदस्य की तकनीकी जांच और सुरक्षा कवच। इस कार्यबल का सबसे व्यावहारिक और प्रभावी पहलू इसका समयबद्ध रोडमैप है। योजना के तहत सदस्यों का चरणबद्ध मार्गदर्शन किया जाने का प्रावधान है जिसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि अगले एक से तीन वर्षों में एएनएमआई के सभी सदस्यों को उचित साइबर मार्गदर्शन मिले, उनकी तकनीकी कमजोरियों की गहन जांच हो। उन्हें भविष्य के खतरों से सुरक्षित रखा जाए। यह कैसे संभव होगा? वर्ष 1 में ऑडिट और जागरूकता का उद्देश्य है। सभी सदस्यों के सिस्टम का साइबर सिक्योरिटी ऑडिट, उनके कर्मचारियों के लिए डीपफेक और फिशिंग पहचान का प्रशिक्षण। छोटे शहरों के सब-ब्रोकर, जो अक्सर पुराने सॉफ्टवेयर पर काम करते हैं, उनकी पहचान और प्राथमिक सहायता। वर्ष 2 में अपग्रेडेशन और मानकीकरण पर बल देने की योजना है। कमजोर पाए गए सिस्टम को अनिवार्य रूप से अपग्रेड करना, सभी टर्मिनलों पर मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और एंड-टू-एंड एंक्रिप्शन को अनिवार्य बनाना। ड्रिल, यानी नकली एआई हमला करके यह परखना कि ब्रोकर हाउस कितनी जल्दी रिकवर होता है। यह एक से तीन साल का यह 'सुरक्षा कवच' कार्यक्रम भारतीय पूंजी बाजार को केवल प्रतिक्रिया देने वाला नहीं, बल्कि भविष्य के लिए तैयार रहने वाला बाजार बनाएगा। सबसे आश्चर्य की बात... ! अमेरिका और जापान जैसे विकसित देश भी इससे अछूते नहीं हैं। यह तो वैश्विक महामारी बन चुका है। समाचारपत्रों, पत्रिकाओं व एआई पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार अमेरिका में 2024 में सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट को हैक कर एआई-जनरेटेड पोस्ट से बिटकॉइन ईटीएफ की मंजूरी की झूठी खबर फैलाई गई, जिससे 5 मिनट में बिटकॉइन की कीमत 1,000 डॉलर उछल गई। एफबीआई के अनुसार, अमेरिका में वॉइस क्लोनिंग से सीईओ फ्रॉड के मामलों में पिछले साल 400% की वृद्धि हुई है। जापान में, टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज ने माना है कि उसके ब्रोकर सदस्यों पर एआई-आधारित डी-डॉस हमले बढ़े हैं, जहां बॉट्स नकली ट्रैफिक से सिस्टम को जाम कर देते हैं ताकि उसी दौरान दूसरे रास्ते से सेंध लगाई जा सके। जब दुनिया के दो सबसे उन्नत तकनीक वाले बाजार भी इससे जूझ रहे हैं, तो भारत को और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। यह लड़ाई वैश्विक है और इसका समाधान भी वैश्विक सहयोग से ही निकलेगा। भविष्य की ढाल क्रिप्टोग्राफीक सुरक्षा हो सकती है? साथ साथ क्वांटम तैयारी भी।

विशेषज्ञों का मानना है कि अगले 5 से 7 वर्षों में क्वांटम कंप्यूटर इतने शक्तिशाली हो जाएंगे कि वे मौजूदा एसएसएल ताले को सेकंड में तोड़ देंगे। तब आज का एंक्रिप्टेड डेटा भी असुरक्षित हो जाएगा। अतः यह निचोड़ निकाल सकते हैं कि एआई आधारित साइबर अपराध कोई दूर की आशंका नहीं, बल्कि हमारे ट्रेडिंग टर्मिनल के दरवाजे पर खड़ा एक वास्तविक खतरा है। एनएसई द्वारा एएनएमआई के साथ विशेष कार्यबल का गठन, एक से तीन साल का व्यावहारिक रोडमैप और क्वांटम-रेडी सुरक्षा की तैयारी - ये तीनों कदम बताते हैं कि भारत का पूंजी बाजार इस खतरे को गंभीरता से ले रहा है। याद रखिए, बाजार में सबसे बड़ा मुनाफा तेज ट्रेडिंग से नहीं, बल्कि सुरक्षित ट्रेडिंग से आता है। तकनीक के इस युग में निवेशक की सबसे बड़ी पूंजी उसका रिटर्न नहीं, उसकी सतर्कता है।

(लेखक कुशभाऊ ठाकरे वि.वि., रायपुर के कुलगुरु हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

भाजपा बनाम कांग्रेस
डॉ. घनश्याम बादल



विचारधारा, मतभेद, बदजुबानी और टकराव

लोकतंत्र में विचारों का टकराव स्वाभाविक है, लेकिन जब विचारों की जगह विद्वेष, तर्क की जगह तंज और राजनीतिक विरोध की जगह व्यक्तिगत चरित्रहनन ले ले, तब समझ लेना चाहिए कि राजनीति अपनी मर्यादा खो रही है। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच वैचारिक संघर्ष पुराना है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह संघर्ष जिस तरह कटुता, अमर्यादित भाषा और संस्थाओं पर अविश्वास तक पहुंचा है, वह लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। सवाल यह नहीं कि कौन-सा दल सही है और कौन गलत; सवाल यह है कि सत्ता और विपक्ष की लड़ाई में देश की सामाजिक एकता कहीं दांव पर तो नहीं लग रही? कांग्रेस और भाजपा दो अलग राजनीतिक धाराओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। कांग्रेस की वैचारिक परंपरा स्वतंत्रता आंदोलन, धर्मनिरपेक्षता, बहुलतावाद, सामाजिक न्याय और विविधता में एकता की अवधारणा से जुड़ी रही है तो भाजपा की राजनीति सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, राष्ट्रीय अस्मिता, मजबूत नेतृत्व और एकात्म मानववाद की वैचारिक धारा से प्रेरणा लेती है। इन दोनों विचारधाराओं के बीच मतभेद होना अस्वाभाविक नहीं। लोकतंत्र में यही मतभेद विकल्प पैदा करते हैं मगर समस्या तब शुरू होती है, जब कोई दल अपनी विचारधारा को ही राष्ट्रभक्ति का प्रमाणपत्र बताने लगे और विरोधी विचारधारा को देश-विरोध का पर्याय बना दे। राष्ट्र कोई एक दल, विचार या नेता नहीं है।

कांग्रेस के समर्थक भी उतने ही भारतीय हैं, जितने भाजपा के समर्थक; और किसी दल का विरोध करना अपने आप में राष्ट्र का विरोध करना नहीं है। विडंबना यह है कि दोनों दल लोकतंत्र, संविधान और देशहित की दुहाई देते हैं, लेकिन उनके नेताओं की भाषा बार-बार इन्हीं मूल्यों पर चोट करती दिखाई देती है। सत्ता से सवाल पूछना विपक्ष का धर्म है और विपक्ष की आलोचना का उत्तर देना सरकार की जिम्मेदारी। किंतु आलोचना और अपमान के बीच एक महीन रेखा है। उस रेखा को लांघते ही बहस का स्तर गिरता है और लोकतांत्रिक संवाद की जगह शत्रुता लेने लगती है। नेता भूल जाते हैं कि उनके शब्द केवल विरोधी दल तक सीमित नहीं रहते; वे समाज के व्यवहार, युवाओं की भाषा और आम नागरिकों की सोच को भी प्रभावित करते हैं। इसी कटु राजनीतिक वातावरण में एसआईआर यानी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे मुद्दे टकराव का कारण बन रहे हैं। मतदाता सूची की शुद्धता चुनावी लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। फर्जी, दोहराव वाले या अपात्र नामों को हटाना और पात्र मतदाताओं का नाम सुनिश्चित करना निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता के लिए जरूरी है। दूसरी ओर, यदि पुनरीक्षण की प्रक्रिया में किसी पात्र नागरिक का नाम छूटने, दस्तावेजों की कठिनाइयों या वास्तविक मतदाताओं के मताधिकार से वंचित होने की आशंका पैदा होती है, तो उस पर सवाल उठाना भी उतना ही आवश्यक है। इसलिए एसआईआर को केवल सरकार या निर्वाचन व्यवस्था के समर्थन-विरोध का प्रश्न बनाना उचित नहीं। प्रक्रिया पारदर्शी हो, पात्र मतदाताओं को पर्याप्त अवसर मिले, आपत्तियों का निष्पक्ष निस्तारण हो और गलतियों के सुधार की प्रभावी व्यवस्था हो-ये सभी पक्ष लोकतंत्र के हित में हैं। विपक्ष को बिना प्रमाण हर कार्रवाई को साजिश नहीं बताना चाहिए, तो निर्वाचन व्यवस्था को भी आलोचनाओं का उत्तर तथ्यों और पारदर्शिता से देना चाहिए। मताधिकार पर अविश्वास की स्थिति लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर कर सकती है। एसआईआर के अतिरिक्त चुनावी निष्पक्षता, संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका, आरक्षण, जातिगत गणना, धार्मिक पहचान, नागरिकता और केंद्र-राज्य संबंधों जैसे मुद्दों पर भी राजनीतिक खींचतान तीखी हुई है। अंततः, कांग्रेस हो या भाजपा, दोनों को याद रखना चाहिए कि विचारधाराएं लोकतंत्र को दिशा देती हैं, जबकि अहंकार और बदजुबानी उसे कमजोर करते हैं। भारत की शक्ति उसकी विविधता, सहिष्णुता और संवाद की परंपरा में है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को शत्रु मानने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना समय की मांग है। देश की एकता और अखंडता केवल नारों से सुरक्षित नहीं रहती; उन्हें व्यवहार, भाषा और निर्णयों में भी उतारना पड़ता है। अस्तु, लोकतंत्र में लड़ाई विचारों की होनी चाहिए, व्यक्तियों के अपमान की नहीं; नीतियों की होनी चाहिए, नागरिकों को बांटकर वोट झपटने की नहीं। सत्ता बदल सकती है, सरकारें आ-जा सकती हैं और विचारधाराओं के बीच संघर्ष चलता रह सकता है, लेकिन यदि इस संघर्ष में समाज का विश्वास, राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक मर्यादा टूट गई, तो जीत भले ही किसी किसी दल की नहीं हो जाए, पर, हार पूरे देश की होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन-विकास का आधार सत्पुरुषार्थ



संकलित
दर्शन

यदि व्यक्ति समुचित दिशा में समुचित पुरुषार्थ करता रहे तो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता अर्जित की जा सकती है। जीवन में सफल होने के लिए पुरुषार्थ का महत्त्वपूर्ण स्थान है। पुरुषार्थ के अभाव में किसी भी उद्देश्य को पूर्ण नहीं किया जा सकता। पुरुषार्थ जीवन में हर समय अनिवार्य है। जीवन-विकास की आधारशिला पुरुषार्थ है, जो व्यक्ति अपने बुद्धि बल, मनोबल तथा शारीरिक बल पर विश्वास नहीं करके पराश्रित अथवा निष्क्रिय बन जाते हैं, उन्हें कदम-कदम पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और अन्त में असफलता ही हाथ लगती है। इसके विपरीत जो जीवन में उल्लासपूर्वक सक्रिय रहते हैं, वे कभी भी असफल नहीं होते। सफल होने के लिए यह सुनिश्चित है कि व्यक्ति को तपना और खपना पड़ता है। पुरुषार्थ आत्म-विकास की रीढ़ है। जीवन में पुरुषार्थ की जो अनिवार्यता है, इसे एक क्षण के लिए भी नकारा नहीं जा सकता। कर्मबंधन से मुक्ति का हेतु ही पुरुषार्थ है। जड़ता एवं निष्क्रियता के धरातल से ऊपर उठकर जब व्यक्ति पुरुषार्थ करता है तो वह व्यावहारिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों से समृद्ध बनने लगता है। कोई कुछ भी करे ही नहीं एवं मन में बड़ी-बड़ी कल्पनाएं करता रहे तो केवल कल्पनाओं से कुछ भी नहीं होता। मंजिल पर पथिक तभी तो पहुँच पाएगा, जब वह लक्ष्य की ओर गतिशील होगा। पथिक अपने घर-आँगन में बैठा हुआ नक्शा देखता रहे कि अमुक गाँव इतनी दूर है, अमुक रास्ते से होकर मुझे जाना पड़ेगा। केवल इस तरह का गणित करता रहे और मंजिल की ओर एक कदम भी न बढ़ाए तो घर-आँगन में बैठे रहने से तो मंजिल मिलने से रही। मंजिल को पाने के लिए कदमों को बढ़ाना पड़ता है। यह सत्य है कि चलने वालों ने ही मंजिल से मुलाकात की है। -कांतिलाल मांडोत

हनुमान जी से सीखें सफल होने के मंत्र



संकलित
प्रेरणा

हिंदू धर्म में हनुमान जी को शक्ति, भक्ति, साहस और सेवा का प्रतीक माना जाता है। उनका जीवन केवल प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट भक्ति की सीख नहीं देता, बल्कि मुश्किल समय में सही फैसला लेने, जिम्मेदारी निभाने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा भी देता है। रामायण में हनुमान जी से जुड़ी कई ऐसी घटनाएं हैं, जो जीवन की चुनौतियों का सामना करने का रास्ता दिखाती हैं। उनके व्यक्तित्व के 8 गुण ऐसे हैं, जिन्हें अपनाकर इंसान अपने काम और रिश्तों में बेहतर बदलाव ला सकता है। हनुमान जी का संवाद कौशल उनके व्यक्तित्व की बड़ी विशेषता था। अशोक वाटिका में माता सीता से मिलते समय उन्होंने अपनी वाणी और व्यवहार से उनका विश्वास जीता। इससे सीख मिलती है कि बात केवल अपनी बात रखने की नहीं, बल्कि सामने वाले की भावनाओं को समझने की भी है। सही शब्दों और विनम्र व्यवहार से कठिन बातचीत को भी आसान बनाया जा सकता है। समुद्र पार करते समय सुरसा ने हनुमान जी का रास्ता रोक लिया था। इस बाधा को उन्होंने केवल बल से नहीं, बल्कि अपनी बुद्धि और सूझबूझ से पार किया। उनका यह प्रसंग बताता है कि हर परेशानी का हल ताकत दिखाने में नहीं होता है। कई बार शांत रहकर परिस्थिति को समझना और समय के अनुसार फैसला लेना ही सबसे बेहतर रास्ता होता है।

अंतर्मन



आज की पाती

अनूठा लोक पर्व है छठ पूजा

भारत की सांस्कृतिक चेतना में कुछ पर्व ऐसे हैं, जिनमें लोक, धर्म, प्रकृति और तपस्या का अद्भुत संगम दिखाई देता है। छठ महापर्व उन्हीं में से एक है। यह एक ऐसा पर्व है जो अब किसी एक क्षेत्र की सीमाओं में नहीं बंधा बल्कि भारतीय आस्था के विशाल सागर में अपनी गहरी जड़ें जमा चुका है। वास्तव में यह आत्मशुद्धि, संयम और कृतज्ञता की वह साधना है, जिसमें मनुष्य सूर्य और प्रकृति के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट करता है। बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों से शुरू होकर अब यह पर्व देश और विदेश के असंख्य भारतीयों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से आरंभ होकर षष्ठी और सप्तमी को चरम पर पहुंचता है। - पूनम सचदेवा, पानीपत

ट्रेंड

प्रकाश पर्व पर बधाई



सिख धर्म के चौथे गुरु श्री रामदास के प्रकाश पर्व पर बधाई। उन्होंने अमृतसर शहर की नींव रखी और दुनिया को आस्था का एक ऐसा केंद्र दिया, जो आज भी पूरी दुनिया को सेवा और सद्भाव का संदेश दे रहा है। -अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

वोट चोरी



दिल्ली के हर व्यापारी से: हम आपसे प्यार करते हैं, आपकी बात सुन रहे हैं। मेट्रो सरकार ने बंद की, सड़कें सरकार ने सील की, राजधानी पर ताला सरकार ने लगाया। जब वोट ही चोरी हो जाए, तो कुछ भी सुरक्षित नहीं - न आपकी दुकान, न आपकी बचत, न आपके बच्चों का भविष्य।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

युवाओं के सपने



जिन युवाओं ने कभी देश की आजादी के लिए अपना खून बहाया था, वे आज बेरोजगारी के कारण अपना खून बहाने को मजबूर हैं। बीजेपी ने युवाओं के सपनों को कुचल दिया है। यूपी इस समय बेरोजगारी और काम न मिलने के संकट से गुजर रहा है। - अखिलेश यादव, सांसद, सपा

ज़िंदगी की सच्चाई



ज़िंदगी की सच्चाई यह है कि जिन लोगों की आप परवाह करते हैं, वे कभी न कभी आपको दुख ज़रूर पहुंचाएंगे। आपकी समझदारी इसी में है कि आप सोच-समझकर चुनें कि आप किसे खुद को दुख पहुंचाने की इजाज़त देते हैं!
- रामगोपाल वर्मा, फिल्मकार

करंट अफेयर

डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों का समर्थन कर सकते हैं ट्रंप समर्थक



अमेरिका में 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को वोट देने वाले कम से कम 25 प्रतिशत दक्षिण एशियाई अमेरिकी मतदाता तीन नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों का समर्थन करने की योजना बना रहे हैं। एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। लोगों के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट' द्वारा कराए गए इस सर्वेक्षण में जीवनयापन की लागत (65 प्रतिशत), स्वास्थ्य सेवा (53 प्रतिशत), रोजगार और वेतन (33 प्रतिशत) तथा शिक्षा (28 प्रतिशत) को मध्यावधि चुनावों के प्रमुख मुद्दों के रूप में पहचाना गया है। सर्वेक्षण में शामिल 800 पंजीकृत दक्षिण एशियाई मतदाताओं में से 87 प्रतिशत भारतीय-अमेरिकी हैं जबकि शेष 13 प्रतिशत पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, मालदीव, अफगानिस्तान और म्यांमा के अलावा कंबोडिया के खमेर समुदाय से संबंधित हैं। वर्ष 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस को वोट देने वालों में से 96 प्रतिशत आगामी चुनावों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों के पक्ष में अपना वोट डालने की योजना बना रहे हैं। सर्वेक्षण में पाया गया कि ट्रंप को वोट देने वाले 67 प्रतिशत दक्षिण एशियाई अमेरिकी अब भी रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन करते हैं, लेकिन 25 प्रतिशत ने कहा कि वे डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे।

ऑफ बीट

संभवत: यूरोप में हुई थी चमगादड़ों की उत्पत्ति



दशकों से वैज्ञानिक इस सवाल पर बहस करते रहे हैं कि चमगादड़ों की उत्पत्ति कहां हुई थी। 'नेचर' पत्रिका में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन इस सवाल का जवाब तलाशने के लिए नए साक्ष्य प्रस्तुत करता है। 'डीएनए' और जीवाश्मों के साथ किए गए अंतरराष्ट्रीय अध्ययन इस बात का समर्थन करते हैं कि चमगादड़ों की जन्मस्थली संभवत: यूरोप है। अब तक इस सवाल का जवाब तलाशने में एक बड़ी मुश्किल यह रही है कि पक्षियों के विपरीत, चमगादड़ों के जीवाश्मों में उनके विकास की शुरुआती अवस्थाओं के प्रमाण बहुत कम मिलते हैं। पक्षियों के जीवाश्मों का रिकॉर्ड इतना समृद्ध है कि उससे डायनासोर से मुर्गी तक जैसे पक्षियों एवं जानवरों के विकास की कड़ी को समझा जा सकता है, लेकिन जब वैज्ञानिकों को चमगादड़ों के जीवाश्म मिलते हैं, तो वे लगभग पूरी तरह विकसित चमगादड़ों के ही होते हैं। चमगादड़ उड़ान भरने और हवा में बने रहने के लिए सक्रिय रूप से अपने पंखों का इस्तेमाल करने वाले इकलौते स्तनधारी हैं। पहले किए गए अध्ययनों में अमेरिका, अफ्रीका या एशिया को उनकी संभावित जन्मस्थली बताया गया था। अलग-अलग आंकड़ों और गणना के तरीकों से अलग-अलग नतीजे सामने आए।

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



लॉस एंजिलिस ओलंपिक तक टीम में रहना चाहते हैं जरमनप्रीत

एजेंसी ▶▶| जालंधर

हॉकी इंडिया ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) के बाद जिन चार सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने की योजना बनाई है उनमें जरमनप्रीत सिंह भी शामिल हैं लेकिन इस डिफेंडर का अभी संन्यास लेने का मूड नहीं है और उनकी नजरें 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों पर टिकी हैं।

हॉकी इंडिया के सूत्रों ने इस महीने की शुरुआत में बताया था कि जरमनप्रीत, मनदीप सिंह, अमित रोहिदास और नीलकांत शर्मा एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में भारत के लिए अपना अंतिम टूर्नामेंट खेलेंगे। भारत ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं: जरमनप्रीत

अमृतसर के रहने वाले 30 वर्षीय जरमनप्रीत ने कहा, ''मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं और लॉस एंजिलिस ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं।''उन्होंने कहा, ''एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना हमारी टीम के लिए बड़ी उपलब्धि है।

टीम ने इस बारे में कोई चर्चा नहीं की : हरमनप्रीत



हरमनप्रीत ने सोमवार को टूर्नामेंट पूर्व संध्या पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''मुझे नहीं लगता कि यह सही खबर है और हमने टीम में इस बारे में कोई चर्चा नहीं की। मुझे लगता है कि यह महज अफवाह है।''जरमनप्रीत ने अब तक 171 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

संन्सास की अटकलों को खारिज किया

यह हमारे लिए शानदार अवसर है और हम लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।'' जरमनप्रीत ने कहा, ''इस टूर्नामेंट के बाद हम ओलंपिक के लिए अपनी तैयारी शुरू करेंगे। मैं चाहता हूं कि टीम वहां अच्छा प्रदर्शन करे और स्वर्ण पदक जीते।''भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भी संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए इसे 'अफवाह' करार दिया।

पेरिस ओलंपिक में टीम के प्रमुख सदस्य रहे : वह पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के एक प्रमुख सदस्य थे। वह 2022 और 2026 में एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। अर्जुन पुरस्कार विजेता का मानना है कि उन्होंने एक डिफेंडर के रूप में अपने खेल में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं।

खेल में सुधार की कोशिश करता रहूंगा

जरमनप्रीत ने कहा, ''मैंने अपने रक्षात्मक कौशल को बेहतर बनाने, अच्छे अवसर पैदा करने और टीम की जीत में योगदान देने की कोशिश की है। मैं एक डिफेंडर के रूप में अपने खेल में लगातार सुधार करने की कोशिश करता रहूंगा।''

खबर संक्षेप



काजल व नीलम ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई

अस्ताना। भारतीय महिला कुश्ती खिलाड़ियों ने मंगलवार को विश्व चैंपियनशिप में नया इतिहास रचा जब पदार्पण कर रही काजल ढोचक और नीलम सिरोही ने स्वर्ण पदक के मुकाबलों में जगह बनाकर सुनिश्चित किया कि पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के एक ही सत्र में देश की दो महिला पहलवान विश्व खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। छब्बीस साल की नीलम ने 50 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान की जेनेप बायानोवा को 7-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना जापान की दिग्गज पहलवान यूई सुसाकी से होगा। वह विश्व चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाली भारत की दूसरी महिला पहलवान बन गईं। इसके तुरंत बाद 18 वर्षीय काजल ने भी यह उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने 76 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में किर्गिस्तान की अनुभवी पहलवान आइपेरी मेडेट काइजी को 10-7 से हराकर शानदार वापसी की।

राष्ट्रीय बधिर टी20 चैंपियनशिप सूरत में

T20 CRICKET

सूरत। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) यहां 10वीं राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप का आयोजन कर रहा है, जिसमें 14 टीमें भाग ले रही हैं। सूरत बधिर क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीएएस) के सहयोग से आयोजित की जा रही यह चैंपियनशिप सोमवार से शुरू हुई और एक नवंबर तक चलेगी। इसके मैच बावाजी क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किए जा रहे हैं। इस बार आंध्र प्रदेश, हरियाणा, मुंबई, विदर्भ, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू और कश्मीर, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात और उत्तर प्रदेश की टीमें इसमें भाग ले रही हैं।

न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया, पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजय बढ़त बनाई

अभिषेक के तूफानी शतक से भारत ने न्यूजीलैंड से टी-20 श्रृंखला जीती



अभिषेक शर्मा
प्लेयर ऑफ द मैच
113 रन
38 गेंद
09 चौके
11 छक्के

- अभिषेक ने महज 38 गेंदों में 113 रन की पारी खेली
- भारत ने 199 रन का लक्ष्य केवल 13 .2 ओवर में चार विकेट खोकर पाया
- वैभव ने भी 19 गेंद में 45 रन की शानदार पारी खेली



एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

अभिषेक शर्मा की तूफानी बल्लेबाजी के सामने न्यूजीलैंड के गेंदबाज पूरी तरह बेबस नजर आए और भारत ने मंगलवार को तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 40 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली। दुनिया के शीर्ष रैंकिंग वाले टी-20 बल्लेबाज अभिषेक ने महज 38 गेंदों पर 113 रन की अविश्वसनीय पारी खेल प्लेयर ऑफ द मैच बने, उन्होंने केवल 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर न्यूजीलैंड की गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं भारत ने 199 रन के मुश्किल दिख रहे लक्ष्य को महज 13.2 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।

35 गेंदों में पूरा किया शतक

अभिषेक की विस्फोटक पारी के सामने युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (19 गेंद में 45 रन) की शानदार बल्लेबाजी भी कई मौकों पर फीकी नजर आई। अभिषेक ने 35 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। शतक लगाने के बाद उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज में ध्यान मुद्रा बनाकर जश्न मनाया।

भारत ने पावर प्ले में विश्व रिकॉर्ड बनाया

भारत ने इसके साथ ही पांच ओवर में सबसे तेज टीम शतक और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पावरप्ले के दौरान सर्वोच्च स्कोर का विश्व रिकॉर्ड बनाया। अभिषेक और सूर्यवंशी ने पहले विकेट के लिए महज सात ओवर में 133 रन जोड़ दिए।

दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर 12 छक्के लगाए

वेलिंगटन के वेस्टपैक ट्रस्ट स्टेडियम में मौजूद दर्शकों के लिए यह साझेदारी लंबे समय तक यादगार रहेगी। दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर 12 छक्के लगाए। सूर्यवंशी ने चार तो वहीं अभिषेक ने आठ छक्के जड़े। जब ग्लेन फिलिप्स ने अभिषेक का कैच लपका, तब तक भारतीय बल्लेबाज 11 छक्के और नौ चौके लगा चुका था।

अभिषेक की बल्लेबाजी से न्यूजीलैंड का मनोबल टूटा

अभिषेक के विकेट के बाद न्यूजीलैंड की टीम का मनोबल इस कदर टूट चुका था कि उसके खिलाड़ी विकेट मिलने का जश्न मनाने के लिए भी उत्साहित नजर नहीं आए। भारतीय पारी की शुरुआत जैकब डफी के ओवर में 26 रन के साथ हुई। एडम मिल्ने ने दूसरे ओवर में 17 रन दिए। इसके बाद माइकल ब्रेसवेल और काइल जैमीसन ने क्रमशः 21 और 20 रन लुटाए। चार ओवर के भीतर ही न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर के चेहरे पर बेबसी साफ दिखाई देने लगी थी। न्यूजीलैंड की पारी के दौरान गेंद जिस पिच पर रुककर आ रही थी, वही भारतीय बल्लेबाजों के सामने बेहद सपाट नजर आई। अभिषेक और सूर्यवंशी ने गेंद की लाइन से हटकर ऑफ साइड में जगह बनाई या फिर गेंद की दिशा के अनुरूप लेग साइड में जोरदार प्रहार किए।

पावर प्ले के छह ओवर में 118 रन बनाए

भारत ने इस जीत के साथ न्यूजीलैंड की धरती पर लगातार तीसरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतने की उपलब्धि हासिल की। इससे पहले भारतीय टीम ने 2020 में 5-0 और 2022 में 1-0 से श्रृंखला अपने नाम की थी। महज 15 साल के सूर्यवंशी ने भी आक्रामक पारी खेली। दोनों ने मिलकर भारतीय टीम को पांच ओवर में 100 रन के पार पहुंचाया और पावरप्ले के छह ओवर में रिकॉर्ड 118 रन बनाए।

स्कोर बोर्ड

न्यूजीलैंड पारी	रन	गेंद	4	6
टिम सीफर्ट का अर्शदीप बो अर्शदीप	02	06	0	0
फिन एलन का नमन बो रेड्डी	40	25	0	5
डेरिल मिचेल नाबाद	89	52	5	5
ग्लेन फिलिप्स का एवं बो अर्शदीप	17	14	3	0
बेवन जैकब्स नाबाद	39	23	4	1
अतिरिक्त: 11, कुल योग : 20 ओवर में 198/3 रन				
विकेट पतन: 1-4, 2-90, 3-123				
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-40-0, अर्शदीप 4-0-33-1, प्रिंस यादव 4-0-44-0 अक्षर 4-0-36-1, रेड्डी 4-0-38-1				
भारत पारी	रन	गेंद	4	6
वैभव सूर्यवंशी का मिचेल बो फिशर	45	19	4	4
अभिषेक का फिलिप्स बो जैमीसन	113	38	9	11
संजू सैमसन बो जैमीसन	18	13	2	0
श्रेयस अय्यर का फिलिप्स बो सैंटनर	05	10	0	0
तिलक वर्मा नाबाद	01	01	0	0
नमन धीर नाबाद	04	01	1	0
अतिरिक्त : कुल योग: 13.2 ओवर में 199/4 रन				
विकेट पतन: 1-133, 2-178, 3-193, 4-195				
गेंदबाजी: डफी 2-0-44-0, मिल्ने 2-0-33-0, ब्रेसवेल 2-0-36-0, जैमीसन 3.2-0-45-2 फिशर 1-0-23-1, सैंटनर 3-0-17-1				



वनडे में भी क्लीन स्वीप करने उतरेगी टीम इंडिया

वडोदरा। टी20 में क्लीन स्वीप करने वाली भारतीय टीम अपना विजय अभियान जारी रखकर जिम्बाब्वे के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भी इसे दोहराने की कोशिश करेगी। पहले दो मैचों में जीत के बाद भारत ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। अब उसका लक्ष्य क्लीन स्वीप करना होगा, जो टी20 सीरीज में 3-0 की जीत के बाद एक और बड़ी उपलब्धि होगी। भारत को पहले दो वनडे मैच में किसी तरह की खास चुनौती नहीं मिली। पहले मैच में प्रतिका रावल के नाबाद शतक और श्री चरणी के चार विकेट की बदौलत भारत ने नौ विकेट से जीत हासिल की। दूसरे मैच में हरमनप्रीत कौर के 126 और दीप्ति शर्मा के नाबाद 106 रन की मदद से भारत ने छह विकेट पर 328 रन बनाए। स्मृति मंधाना ने पूर्णकालिक कप्तान बनने के बाद टीम को अच्छी सफलता दिलाई है लेकिन वह बल्लेबाजी में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं। ऐसे में वह अंतिम मैच में बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगी।

श्रीलंका ने पाक को 8 विकेट से हराया

इंग्लैंड त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल की दौड़ से बाहर

एजेंसी ▶▶| लाहौर

श्रीलंका ने मंगलवार को पाकिस्तान को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर इंग्लैंड की त्रिकोणीय एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को खत्म कर दिया। तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 34 रन देकर पांच विकेट झटके जिससे टॉस गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम सिर्फ 110 रन पर सिमट गई।

श्रीलंका ने इसके बाद 18.1 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। यह मुकाबला दिन-रात का था और गद्दाफी स्टेडियम की फ्लडलाइट के पूरी तरह जलने से पहले ही श्रीलंकाई टीम जीत दर्ज कर चुकी थी। श्रीलंका ने इससे पहले रावलपिंडी में इंग्लैंड के खिलाफ 430 रन के लक्ष्य का पीछा करके एकदिवसीय इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा



लक्ष्य हासिल किया था। श्रीलंका की ओर से कामिंदु मेंडिस ने 60 गेंद में नाबाद 62 रन बनाए। उन्हें खाता खोलने से पहले ही विकेटकीपर ने जीवनदान दे दिया था। इसके अलावा 44 रन के निजी स्कोर पर उन्होंने रिव्यू लेकर मैदानी अंपायर के पगबाधा के फैसले को पलटवा दिया। बायें हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाए।

विश्व अंडर-19 मुक्केबाजी

आदित्य ने 55 किग्रा में जीता स्वर्ण, मेघा को रजत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता आदित्य ने मंगलवार को मोंटेनेग्रो के बुडवा में विश्व मुक्केबाजी अंडर-19 चैंपियनशिप में पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

शुरुआती राउंड में मामूली अंतर से पिछड़ने के बाद भारतीय मुक्केबाज ने शानदार वापसी करते हुए फाइनल में रूस के इस्लाम मागोमेदोव को 4-1 से हराया। भारत ने प्रतियोगिता में एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल चार पदक जीते। जीत के बाद आदित्य ने कहा, ''मैं पहले राउंड के बाद 2-3 से पिछड़ रहा था लेकिन मैंने अगले राउंड में बेहतर प्रदर्शन करते हुए इसे 4-1 से अपने नाम किया। तभी मुझे विश्वास हुआ कि मैं यह मुकाबला जीत सकता हूं।''

हालांकि दूसरे स्वर्ण पदक की भारत की उम्मीदों को झटका लगा जब महिला 80 किग्रा वर्ग के फाइनल में मेघा श्योकंद को रूस की एकातेरिना फ्रोलोवा के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के दो कांस्य पदक हर्षिका (महिला 65 किग्रा) और प्राची टोकस (महिला 80 किग्रा से अधिक) ने जीते।

गुजरना पड़ेगा कड़ी जांच से

वाडा ने आईसीसी को टियर-1 में रखा, भारत शीर्ष श्रेणी में बरकरार

- आईसीसी अब तक टियर-2 पर थी
- खिलाड़ियों को अब अधिक कड़ी जांच से गुजरना पड़ेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल किए जाने के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को अपनी प्राथमिकता नीति के तहत पहली श्रेणी में शामिल कर दिया है, जबकि भारत उन शीर्ष देशों में बना हुआ है जिन्हें संस्था के निगरानी कार्यक्रम में सबसे कड़ी जांच का सामना करना पड़ता है। आईसीसी अब तक टियर2 पर थी, लेकिन अब उसे टियर1 में रख दिया गया है जिसमें खिलाड़ियों को अधिक कड़ी जांच से गुजरना पड़ता है। यह व्यवस्था अगले वर्ष एक जनवरी से लागू होगी। वाडा ने कहा, ''खेलों के वर्गीकरण का आधार यह है कि क्या खेल ओलंपिक या पैरालंपिक कार्यक्रमों में शामिल हैं।'' क्रिकेट 100 से अधिक वर्षों के बाद 2028 में लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में वापसी करेगा। इस स्तरीय प्रणाली का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वाडा के संसाधनों का उपयोग उन देशों और खेलों में डोपिंग के जोखिम का सामना करने के लिए किया जा सके जहां धोखाधड़ी का जोखिम और प्रभाव सबसे अधिक माना जाता है। वाडा के 38 सदस्यीय शीर्ष स्तर में अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संघों में विश्व बैडमिंटन महासंघ, अंतरराष्ट्रीय साइकिलिंग संघ, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ, अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ, अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ, अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति, अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ, वर्ल्ड बॉक्सिंग और विश्व एथलेटिक्स शामिल हैं।

भारत स्क्वाश में शीर्ष श्रेणी में शामिल हुआ

ओलंपिक खेलों में स्क्वाश को शामिल किए जाने के कारण विश्व स्क्वाश महासंघ को भी टियर3 से टियर1 में रखा गया है। इस बीच डोपिंग के अधिक मामले पाए जाने के कारण भारत पिछले तीन वर्षों से शीर्ष श्रेणी में बना हुआ है। इस श्रेणी में कुल 50 देश शामिल हैं जिनमें अमेरिका और चीन भी हैं। हर दो साल में अपडेट करेगा : वाडा हर दो साल में स्तर (टियर) को अपडेट करेगा और इससे जुड़े देशों और खेल संघों को उनकी स्थिति में बदलाव होने पर कम से कम दो महीने का नोटिस मिलेगा।

केन ने पिछले सत्र में क्लब की और से देश के लिए 73 गोल किए, महिला वर्ग में पुटेलस को तीसरा खिताब

केन 25 वर्षों में बैलोन डी ओर जीतने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बने

एजेंसी ▶▶| लंदन

पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले हैरी केन पिछले 25 वर्षों में बैलोन डी ओर जीतने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बन गए हैं जबकि महिला वर्ग में स्पेन की स्टार खिलाड़ी एलेक्सिया पुटेलस ने तीसरी बार यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती। केन ने पिछले सत्र में क्लब और देश के लिए 73 गोल किए और वह यूरोप में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। केन ने जर्मनी के अपने क्लब बायर्न म्यूनिख और विश्व कप में गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया था। विश्व कप में वह इंग्लैंड के कप्तान थे और उनकी टीम तीसरे स्थान पर रही थी। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुने जाने के बाद कहा, ''कड़ी मेहनत से सब कुछ संभव है। मेरा सफर आसान नहीं था। मैं वो बच्चा नहीं था जो सीधे शिखर पर पहुंच गया हो। मुझे उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा।''

विश्व कप में केन ने छह गोल दागे थे

विश्व कप में उन्होंने छह गोल करके गैरी लाइनकर को पीछे छोड़ते हुए इंग्लैंड की तरफ से विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड बनाया था। उनकी टीम सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से हार गई, लेकिन उसने तीसरे स्थान के मैच में फ्रांस को हराया जो पिछले 60 वर्षों में इंग्लैंड का विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।



पुटेलस ने 2021 व 2022 में यह पुरस्कार जीता

पुटेलस ने 2021 और 2022 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता था। महिलाओं के लिए इस पुरस्कार की शुरुआत 2018 में हुई थी। उन्होंने पुरस्कार के लिए चुने जाने के बाद युवा खिलाड़ियों के लिए संदेश में कहा, ''खुद पर विश्वास रखो। यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। अगर आपका कोई सपना है, तो उसे पूरा करने की कोशिश करो, भले ही कभी-कभी आपको शून्य से शुरुआत करनी पड़े।''

केन के बाद एमबाप्पे का नंबर रहा

केन ने कहा, ''मुझे इस मुकाम पर पहुंचने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। मुझे उम्मीद है कि इससे युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।''इस पुरस्कार की दौड़ में शामिल अन्य खिलाड़ियों में मतदान में केन के बाद किलियन एमबाप्पे, लामिन यामल (जिन्हें लगातार तीसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी चुना गया), 2024 के विजेता रोड्रि और रिकॉर्ड आठ बार के विजेता लियोनेल मेस्सी का नंबर रहा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28



खबर संक्षेप

नाइजीरिया में बंदूकधारियों का हमला, 62 की मौत

अबूजा। नाइजीरिया के उत्तर पूर्व हिस्से में एक समुदाय पर बंदूकधारियों के हमले में कम से कम 62 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) के ताराबा प्रांत प्रमुख एल. अयूबा के अनुसार, शुक्रवार को प्रांत के करिम-लामिडो स्थानीय सरकारी क्षेत्र में बंदूकधारियों ने बिनारी समुदाय पर हमला किया जिसमें 52 लोग घायल भी हुए तथा हजारों लोग विस्थापित हुए। अब तक 52 शव बरामद किए जा चुके हैं, जिनमें से 15 बेन्यू नदी से मिले हैं।



यूक्रेन के एक इलाके में संघर्ष विराम लागू

मिकोलाइव। मंगलवार को यूक्रेन के दक्षिणी हिस्से के एक तबाह शहर में रूस और यूक्रेन ने स्थानीय स्तर पर संघर्ष विराम लागू किया। यह संघर्ष विराम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप की मध्यस्थता से तय किए गए एक मानवीय मिशन से पहले हुआ। इस बीच रूस ने यूक्रेन के अन्य शहरों पर अपने हमले जारी रखे। यूक्रेन के समयानुसार, तड़के तीन बजे से संघर्ष रोक दिया गया ताकि इस सप्ताह के अंत में रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के शहर ओलेश्की में मानवीय सहायता पहुंचाई जा सके।



लिकटेंस्टाइन के युवराज एलोइस ने नई दिल्ली में पीएम मोदी से की मुलाकात

व्यापार, निवेश, विज्ञान सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय 'सहयोग' बढ़ाने पर बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत संग संबंधों को मजबूत करने की जताई प्रतिबद्धता | प्रिंस एलोइस की इस साल भारत की यह दूसरी यात्रा

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लिकटेंस्टाइन के युवराज एलोइस के साथ दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने और द्विपक्षीय साझेदारी को गति देने के मुद्दे पर बातचीत की। लिकटेंस्टाइन के युवराज एलोइस 25 से 28 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर हैं। इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार एवं निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना है। लिकटेंस्टाइन के प्रिंस एलोइस और उनकी पत्नी प्रिंसेस सोफी ने पीएम नरेंद्र मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में मुलाकात की। दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर गहन चर्चा की। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान जारी कर बताया कि मंगलवार को हैदराबाद हाउस में लिकटेंस्टीन के हेरेडिटरी प्रिंस एलोइस और हेरेडिटरी प्रिंसेस सोफी का गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों पक्षों ने भारत-लिकटेंस्टीन संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। साथ ही, व्यापार और निवेश, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कौशल विकास तथा लोगों के बीच आपसी संबंधों के क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।

जयशंकर और सीतारमण से भी की मुलाकात



प्रिंस एलोइस और उनकी पत्नी प्रिंसेस सोफी और पीएम मोदी

इससे पहले दिन में, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने लिकटेंस्टीन के प्रिंस एलोइस से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों और 'भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते' (टेपा) के तहत उभरते अवसरों पर चर्चा की। जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा कि भारत की राजकीय यात्रा पर आए लिकटेंस्टीन के प्रिंस एलोइस से मिलकर खुशी हुई। 'भारत-ईएफटीए टेपा' से मिले अवसरों की बदौलत, हमारी द्विपक्षीय साझेदारी कई क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रिंस इलोइस ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की। बता दें, साल 2026 में प्रिंस एलोइस की भारत की यह दूसरी यात्रा है; इससे पहले वे फरवरी में 'एआई इम्पैक्ट समिट' में शामिल होने के लिए नई दिल्ली आए थे। वे इससे पहले 2010 और 2018 में भी भारत आ चुके हैं।

एसएसबी प्रमुख संजय सिंघल आईटीबीपी का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्र ने शत्रुजीत कपूर की 31 अक्टूबर की हो रही सेवानिवृत्ति के बाद सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के प्रमुख संजय सिंघल को मंगलवार को भारत-तिब्बत पुलिस बल के महानिदेशक (डीजी) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा। गृह मंत्रालय की ओर से जारी एक आदेश में कहा गया है कि सिंघल भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक का प्रभार 'किसी नियमित डीजी की नियुक्ति तक या अगले आदेश तक' (जो भी पहले हो) संभालेंगे। 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी कपूर हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक रह चुके हैं तथा उन्होंने जनवरी में आईटीबीपी के डीजी का पदभार संभाला था। वह 10 माह बाद 31 अक्टूबर को सेवानिवृत हो रहे हैं। साल 2024 में, 2001 बैच के आईपीएस वाई. पूरन कुमार की मौत से जुड़े विवाद के बाद हरियाणा सरकार ने छुट्टी पर भेज दिया था।

आईटीबीपी महानिदेशक शत्रुजीत 31 अक्टूबर को होंगे रिटायर

1990 बैच के आईपीएस कपूर हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक रह चुके

इजराइल में वोटिंग के रिकॉर्ड टूटे

67 फीसदी मतदान, 120 सांसद चुने जाएंगे, 4 को आएंगे नतीजे

एजेंसी ▶▶ येरूशलम

इजराइल में प्रधानमंत्री पद के लिए आज चुनाव हो रहे हैं। इसमें बंपर वोटिंग हो रही है। चुनाव आयोग के मुताबिक शाम 6 बजे तक (स्थानीय समय के मुताबिक) लगभग 67 वोटिंग हुई है। यह इजराइल के इतिहास में सबसे ज्यादा है। मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे शुरू हुआ और रात 10 बजे समाप्त हुआ।

देश की संसद, 26वीं नेसेट के चुनाव के लिए मतदान करते हुए, इजराइलियों ने मंगलवार को शांति की उम्मीद जताई, देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का समर्थन किया और इसके भविष्य में विश्वास व्यक्त किया। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने भी यरूशलेम के एक मतदान केंद्र पर वोट डाला। इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग और उनकी पत्नी मिशाल हर्जोग, देश के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गवीर ने वोट डाला।



पीएम नेतन्याहू मतदान करते हुए

देशभर में 12,018 मतदान केंद्र

केंद्रीय चुनाव समिति के कार्यवाहक महानिदेशक डीन लिवने के मुताबिक, देशभर में 12,018 मतदान केंद्र और 18,000 मतपेटियां तैयार की गई हैं। इनमें से 6,209 मतदान केंद्र दिव्यांगों और विशेष जरूरत वाले मतदाताओं के लिए सुलभ बनाए गए। चुनाव की तैयारियों में करीब 1.5 लाख कर्मचारी और अधिकारी शामिल रहे हैं, जिनमें मतदान के दिन तैनात लगभग एक लाख कर्मी भी शामिल हैं।

असम होटल गोलीबारी केस की जांच एसआईटी करेगी

टीम का नेतृत्व संयुक्त पुलिस आयुक्त करेंगे

भाषा ▶▶ गुवाहाटी

असम पुलिस ने यहां एक होटल में गोलीबारी में पांच लोगों की मौत तथा एक अन्य के घायल हो जाने के एक दिन बाद इस घटना की जांच के लिए मंगलवार को एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। एक सरकारी बयान के अनुसार, संयुक्त पुलिस आयुक्त अंकुर जैन एसआईटी का नेतृत्व करेंगे। एसआईटी के अन्य सदस्यों में पुलिस उपायुक्त शाम्भवी मिश्रा, पुलिस उपायुक्त देबजीत नाथ, अतिरिक्त उपायुक्त विकू अचुमी, पलटन बाजार थाने के प्रभारी अधिकारी निरीक्षक कुलेशज्योति भुइयां और उसी थाना क्षेत्र के उपनिरीक्षक अविनाश दास हैं। बयान में कहा गया है कि "इस घटना की गंभीरता को देखते हुए" एक गहन, वैज्ञानिक तथा त्वरित जांच सुनिश्चित करने के लिए इस विशेष जांच दल का गठन किया गया है।

केरलम में बच्चे से कार चलवाने पर केस दर्ज

चलती कार में गोद में बैठे तीन साल के मासूम को थमा दी स्टीयरिंग

भाषा ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरलम बाल अधिकार आयोग ने तिरुवनंतपुरम के कझक्कूटम में बेटे को गोद में बिठाकर तेज रफ्तार कार का स्टीयरिंग संभालने देने के लिए एक व्यक्ति के खिलाफ मंगलावर को मामला दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक, कार की रफ्तार 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा थी। आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि केरलम राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मीडिया में आई खबरों के आधार पर मामले का संज्ञान लिया और घटना के संबंध में जिला पुलिस प्रमुख तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) से रिपोर्ट तलब की।

यूएन में भारत की दो टूक

सुधारों को रोकने वाले 'छिपे हुए वीटो' पर दर्ज की कड़ी आपत्ति

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सुधारों को आगे बढ़ने से रोकने वाले 'छिपे हुए, व्यावहारिक वीटो' की कड़ी आलोचना की है। महासभा में पांच स्थायी सदस्यों के वीटो अधिकारों पर हुई बहस के दौरान भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि सुधार प्रक्रिया में 'आम सहमति' की शर्त को अप्रत्यक्ष वीटो की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। हरीश ने बताया कि सुधारों के लिए चल रही अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) में यह मुद्दा शामिल था।



पी. हरीश

